सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
30.08.2024
** नगर संस्करण। पेज : 14
khabarmantralive.com


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ





khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 51



07 नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का देशविरोधी घोषणा पत्र





**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-MailId - juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**CORRIGENDUM – 01**

**Project Name :- Renovation and Redevelopment of Existing Townhall Building at Madhupur, Jharkhand**
Ref. PR No.: 332623
NIT No: - JUIDCO/Redev./TH Madhupur/628
Tender ID: - 2024_UDD_90518_1
All the bidders are hereby intimated that **Corrigendum – 01** for the tender bearing **Tender ID 2024_UDD_90518_1** for **"Renovation and Redevelopment of Existing Townhall Building at Madhupur, Jharkhand"** has been published on e-procurement website of the Government of Jharkhand.
The same may be taken into account before submission of bids.
e-procurement website : jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.

PR 334048 Urban Development and Housing (24-25)_D

**अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची (मुख्यालय)**
**राजा रानी कोठी डोरण्डा राँची**

**अल्पकालीन निविदा प्रसंग– 01/2024**

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड राँची के कार्यालय उपयोग के लिए वित्तीय वर्ष 2024–2025 में लेखन सामग्री, टोनर कार्टिज, एक्सपेन्डेबुल, इलेक्ट्रीकल सामग्री हेतु प्राधिकृत/निबंधित स्थानीय फार्म से निविदा आमंत्रित की जाती है।

इसके लिए दो निविदायें आमंत्रित की जाती है। पहली निविदा तकनीकी निविदा एवं दूसरी निविदा दर निविदा होगी। तकनीकी निविदा में निम्न प्रकार निर्धारित मापदण्ड के आधार पर निविदादाताओं को सामग्रियों का नमूना प्रदर्शन हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा खुलने की तिथि को लेकर आना होगा। क्रय समिति द्वारा जिन निविदादाताओं का तकनीकी निविदा योग्य पाया जायेगा उन्ही निविदादाता की निविदा खोली जाएगी।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. लेखन सामग्री टोनर कार्टिज, एक्सपेन्डेबुल, इलेक्ट्रीकल के लिए वैसे अधिकृत/निबंधित बिक्रेता/आपूर्तिकर्ता करों सहित क्रमवार मुहरबंद निविदा देंगे।
2. निविदा दाता अपनी निविदा अपने लेटर पैड पर दे सकते हैं।
3. निविदा दाता अद्यतन आयकर, बिक्रीकर एवं स्वच्छता प्रमाण–पत्र समर्पित करेगें। काली सूची में जिन फर्मो को डाला गया है वे इस निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं।
4. निविदा दाता को कार्य करने का 03 (तीन) वर्ष का अनुभव होने से संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा तथा 20 (बीस) लाख Turnover होने से संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. निविदा खुलने के समय निविदा दाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
6. पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताए एक या एक से अधिक या सभी निविदाओं का आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकृत कर देंगे। निविदा के साथ 5,000/– (पाँच हजार) रूपये सुरक्षित राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची के पदनाम से जमा करना होगा जो निविदा अस्वीकृत होने की दशा में लौटा दी जाएगी।
7. लेखन सामग्री टोनर कार्टिज, एक्सपेन्डेबुल, इलेक्ट्रीकल सामग्रियों की विवरणी 500/– (पाँच सौ) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (Non Refundable) जो पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची के पदनाम से जमा करने के पश्चात कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**इस आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरणी निम्न प्रकार है:–**

| अल्पकालीन निविदा संख्या | 01/2024 |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500 (पाँच सौ) रूपया मात्र |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री प्रारम्भ की तिथि | निविदा प्रकाशन के बाद |
| निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक– 06.09.2024 (कार्यालय बन्दी छोड़कर) को संध्या– 04.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि समय | दिनांक – 11.09.2024 को संध्या– 04.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक.–13.09.2024 को 11.00 बजे दिन में |

पुलिस अधीक्षक
अपराध अनुसंधान विभाग,
झारखण्ड, राँची

PR 334033 CID (24-25)_D

सीएम ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 365 सीएचओ को दिया नियुक्ति पत्र, कहा

# सरकार ने कड़ी चुनौतियों के बावजूद हजारों की संख्या में नियुक्तियां की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि सरकार ने व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए पिछले 4 वर्षों में विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की है। नियुक्तियों का यह सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले उनकी सरकार ने पशु चिकित्सकों, चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। लैब असिस्टेंट की भी नियुक्ति की। पहली बार फॉरेंसिक लैब के लिए साइंटिस्ट की नियुक्ति की गई है। आयुष चिकित्सकों, दंत चिकित्सकों सहित ए-ग्रेड नर्स की भी नियुक्ति की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनौती भरे वक्त में भी उनकी सरकार ने कृषि अधिकारी की नियुक्ति, हॉर्टिकल्चर में पदाधिकारी की नियुक्ति, पंचायत सचिव की नियुक्ति, लिपिक की नियुक्ति, लेखपाल की नियुक्ति, टीचर की नियुक्ति, जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि हजारों नियुक्तियां हुई हैं और कई नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं।



### मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लगातार प्रयास रहा है कि सभी को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायी जाये। राज्य की भौगोलिक स्थिति के कारण कई स्वास्थ्य व्यवस्था आम जनता तक पहुंचाने में वक्त लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिर्फ स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अस्पताल ही नहीं बल्कि कल्याण विभाग ,श्रम विभाग द्वारा संचालित अस्पतालों में भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है।

### तकनीकी युग के बाद भी बेहतर मानवबल एवं व्यवस्था जरूरी

हेमंत सोरेन ने कहा कि जब तक मैनपावर नहीं होगा तब तक बेहतर कार्य नहीं हो सकता है। आज तकनीक का युग है। उद्योगों का पूर्ण रूप से मशीनीकरण हो चुका है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी मशीनों की उपयोगिता बढ़ी है। झारखंड में अच्छे डॉक्टर होने से अन्य राज्यों से भी मरीज यहां आते हैं। चिकित्सकों की भूमिका ऐसी हो कि लोग खिंचे चले आएं।

### स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बन रही बेहतर कार्य योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को लेकर हम लगातार प्रयासरत रहते हैं। जिस तरह से स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए कार्ययोजना बनाई है, उससे बहुत जल्द इस राज्य में सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था प्रदान करेंगे, ताकि यहां से किसी को इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमलोग स्वस्थ तभी रहेंगे जब स्वास्थ्य विभाग खुद स्वस्थ रहेगा। इसके लिए सालाना बजट 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, ताकि स्वास्थ्य केंद्रों की साफ-सफाई और रख-रखाव बेहतर तरीके से की जा सके।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना के अंतर्गत सदर अस्पतालों को 75 लाख रुपये, अनुमंडलीय अस्पताल को 50 लाख, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/रेफरल अस्पताल को 10 लाख एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 5 लाख, स्वास्थ्य उप केंद्र/आयुष्मान आरोग्य केंद्र को 2 लाख रुपये प्रतिवर्ष दे रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिलीप घोष का बैंक स्टेटमेंट मांगा

**रांची/दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बड़गाईं में फर्जी कागाजात से सेना की 4.55 एकड़ जमीन की बिक्री से संबंधित वित्तीय लेनदेन का पता लगाने के लिए आरोपी दिलीप घोष का बैंक स्टेटमेंट कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को ईडी की अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अदालत ने यह निर्देश दिया और शुक्रवार को सुनवाई निर्धारित की। इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आरोपी हैं और फिलहाल वह जमानत पर हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने दिलीप घोष को जमानत प्रदान की है। इसके खिलाफ ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान दिलीप घोष की ओर से बैंक स्टेटमेंट जमा करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, लेकिन कोर्ट ने इस आग्रह को नामंजूर कर दिया और गुरुवार की शाम तक स्टेटमेंट जमा करने का निर्देश दिया। झारखंड हाईकोर्ट ने 28 नवंबर 2023 को जमीन घोटाले के सह आरोपी दिलीप घोष को जमानत दी थी। धनशोधन का यह मामला झारखंड पुलिस की ओर से चार जून 2022 को रांची के बरियातू थाने में प्राथमिकी से जुड़ा है।

# नागरिकों से सुझाव लेकर विस चुनाव का घोषणा पत्र तैयार करेगी भाजपा

**संकल्प पत्र तैयार करने को जनसंपर्क अभियान की लॉन्चिंग**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। भारतीय जनता पार्टी भी घोषणा पत्र तैयार करने में जुट गयी है। इस बार भाजपा राज्य में विभिन्न वर्ग के लोगों से सुझाव लेकर अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। इसे लेकर पार्टी के सांसद, विधायक और पदाधिकारी राज्य के प्रमंडल से लेकर प्रखंड स्तर तक पर जायेंगे और हर वर्ग की जनता से संवाद करेंगे। पार्टी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप के जरिये भी लोगों से सुझाव आमंत्रित करेगी। भाजपा ने संकल्प पत्र तैयार करने के लिए जनसंपर्क अभियान लॉन्च कर दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और घोषणा पत्र समिति के संयोजक अनंत ओझा ने गुरुवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी।




**भाजपा का संकल्प पत्र जनता का घोषणा पत्र होगा :** घोषणा पत्र समिति के संयोजक अनंत ओझा ने कहा कि भाजपा चुनाव के पहले जो संकल्प पत्र जारी करती है, वह वस्तुतः जनता की आकांक्षाओं का ही दर्पण होता है। हम उनकी विचारों और मांगों को ही अपना संकल्प बनाते हैं और उसके अनुसार अपनी सरकार की दिशा तय करते हैं। उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप नंबर 6202750671 पर भी अपने सुझाव भेज सकते हैं।

बता दें कि जनता से प्राप्त होने वाले सुझावों का विश्लेषण कर संकल्प पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी जिस समिति को सौंपी गयी है, उसमें अनंत ओझा के अलावा बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक भानुप्रताप शाही, सांसद बीडी राम, नवीन जायसवाल और पूर्व सांसद गीता कोड़ा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में प्रत्येक जिलों में घोषणा पत्र निर्माण समिति की ओर से प्रांत स्तरीय तीन तीन नेताओं का प्रवास होगा, जो समाज के सभी समूह और वर्ग से संवाद स्थापित कर सुझाव संग्रह करेंगे।

## खबर एक नजर में

### एसीएफ और रेंजर नियुक्ति में पहले से नौकरी कर रहे लोगों को दें उम्र सीमा में छूट : हाइकोर्ट

**रांची।** जेपीएससी द्वारा वन विभाग एसीएफ और रेंजर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में पहले से नौकरी कर रहे लोगों को उम्र सीमा में छूट नहीं दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालात ने वैसे अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट देने का निर्देश दिया, जो पहले से नौकरी में हैं। न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तिथि निर्धारित करते हुए कहा कि याचिका के अंतिम आदेश से प्रार्थियों की नियुक्ति प्रभावित होगी।

### पीएमएलए कोर्ट में पूजा सिंघल की गवाही दर्ज

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले मे पीएमएलए कोर्ट में गुरुवार को गवाही दर्ज की गई। ईडी की ओर से प्रस्तुत गवाह का बयान कोर्ट ने दर्ज किया। मामले में ईडी के तत्कालीन उप-निदेशक सुबोध कुमार समेत 15 से अधिक गवाहों की गवाही दर्ज की जा चुकी है। गवाही के दौरान जेल में बंद पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति हुई थीं। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 31 अगस्त निर्धारित की है।

### पंकज मिश्रा को जमानत देने से इनकार

रांची। अवैध खनन और टेंडर मैनेज से प्राप्त 1250 करोड़ रुपए से अधिक अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को दूसरी बार कोर्ट ने जमानत देने से इनकार किया है। इससे उसकी मुश्किलें बढ़ गई है। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बीते 27 अगस्त को दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को कोर्ट ने अपना सुरक्षित आदेश सुनाई।

### मंजूनाथ भजंत्री के चुनाव कार्य से अलग रखने के मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के चुनाव कार्यों से अलग रखने के खिलाफ दायर याचिका पर गुरुवार को सुनवाई पूरी करने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। एकलपीठ ने चुनाव आयोग की दलील को यह कहते हुए नहीं माना था कि इस मामले की सुनवाई केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में होनी चाहिए। एकल पीठ ने कहा था कि यह मामला रिट पिटीशन सर्विस का नहीं है, क्योंकि सर्विस मैटर में नियोक्ता एवं कर्मचारी का संबध रहता है।यह मामला रिट पिटीशन सिविल का है।इस मैटर को डब्लूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए हाईकोर्ट में सुने जाने का निर्देश देते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया था।

वहीं, प्रार्थी मंजूनाथ की ओर से हाईकोर्ट की एकलपीठ के समक्ष कहा था कि उनके खिलाफ कोई प्रोसिडिंग कभी शुरू ही नहीं हुई है, इसलिए इस मामले को कैट में ले जाना उचित नहीं है। प्रार्थी की ओर से इस डब्लूपीएस को डब्लूपीसी में बदलने के लिए कोर्ट के समक्ष आवेदन दिया गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार

# पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जासूसी कराते फंसी सरकार अब गढ़ रही कहानी : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जासूसी कराई जा रही थी। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि झामुमो के नेता अब कहानियां बनाकर सरकार के बचाव में लग गए हैं। यह कैसा इत्तेफाक है कि जिस विमान से चंपई सोरेन जाते हैं, उसी विमान से यह दोनों स्पेशल ब्रांच के अधिकारी जाते हैं। उसी शहर में, उसी होटल में, उसी तल्ले पर बगल के रूम में यह दोनों अधिकारी ठहरते हैं, जहां चंपई सोरेन भी ठहरते हैं। उसके बाद ये खुफिया विभाग के अधिकारी छुप छुप कर चंपई सोरेन जी से मिलने वाले लोगों की तस्वीर खींच रहे थे। सबसे बड़ा प्रश्न है कि जब चंपई सोरेन जी की सुरक्षा में खुफिया विभाग के दो अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हुई थी तो यह सूचना चंपई सोरेन जी को क्यों नहीं दी गई? जाहिर तौर पर अब सरकार बड़ा कवर अप ऑपरेशन चला कर मामले की लीपापोती करा रही है। मामले को लेकर दिल्ली के चाणक्यपुरी थाने में शिकायत भी दर्ज होती है। फिर खबरें आती है की हिरासत में लिए अधिकारियों को बॉन्ड लिखा कर छोड़ा गया।

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2024–25 दिनांक–28.08.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 | Const. of RCC drain with cover from house of Rajshekhar singh to manoj Mehta via jitu singh, pradeep singh house. | 1024700.00 | 20500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 03 | Const. of PCC road from nag baba mandir to sri ram chowk . | 1604700.00 | 32100.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 12 | Const. of RCC drain with cover from jainagar road to alakhdev singh house. | 1773300.00 | 35500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 14 | Const. of 150ft. sidhi at kishundari aahar. | 1248000.00 | 25000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | 01,02, 03 | Const. of Road from Rahul saw house (Tranformer) to nag baba mandir. | 2415700.00 | 48500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6 | 12 | Fixing and Fitting of paver block from giridih road to premjeet Mehta house via vijay singh house. | 1293000.00 | 26000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | 03 | Const. of 150ft. sidhi at nawa aahar . | 1248000.00 | 25000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 02-09-2024 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 06-09-2024 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 09-09-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 9939465016 | |

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 334059 Urban Development (24-25)_D

मधु कोड़ा को भी बीजेपी में मान लिया जाये तो संख्या हो जायेगी पांच

# चंपई के आते ही चार पूर्व सीएम वाली पार्टी बनेगी झारखंड बीजेपी

**सुधीर**

**रांची।** भाजपा खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है। यह उपलब्धि नेताओं और कार्यकर्ताओं के जुड़ने से हासिल होती है। इस कड़ी में अब कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन का नाम जुड़ने जा रहा है। उन्हें 30 अगस्त को भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी। चंपई सोरेन के शामिल होते ही भाजपा में पूर्व मुख्यमंत्रियों की संख्या चार हो जाएगी। अब तक भाजपा ने बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के रूप में राज्य को तीन मुख्यमंत्री दिए थे। निर्दलीय विधायक रहते सीएम रह चुके मधु कोड़ा की तो उनकी पत्नी गीता कोड़ा के भाजपा में आने से अप्रत्यक्ष तौर पर उनको भी भाजपा से जुड़ा कहा जाता है। झामुमो के नेता तो यही कहते हैं और अब इस लिस्ट में पूर्व सीएम चंपई सोरेन का भी नाम जुड़ रहा है। ऐसे में झारखंड भाजपा में पूर्व मुख्यमंत्रियों की संख्या पांच हो जायेगी। वहीं झामुमो के खाते में पूर्व सीएम के तौर पर शिबू सोरेन और वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन ही रह जाएंगे।



बताया जा रहा है कि चंपई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के कार्यक्रम में शुक्रवार को व्यापक स्तर पर शक्ति प्रदर्शन की भी तैयारी है। 30 अगस्त को बड़ी संख्या में उनके समर्थकों के जुटने की संभावना है।

**बाबूलाल मरांडी का हुआ था ग्रांड वेलकम :** बाबूलाल मरांडी ने राजनीतिक जीवन की शुरूआत साल 1991 में भाजपा से शुरू की थी। वह कई पदों पर रहे। वाजपेयी सरकार में मंत्री भी रहे। झारखंड बनने पर राज्य के पहले मुख्यमंत्री भी बने। 1998 में शिबू सोरेन और 1999 में शिबू सोरेन की पत्नी रुपी सोरेन को दुमका सीट पर हराया। लेकिन 2003 में डोमिसाइल विवाद की वजह से उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी। 2006 में उन्होंने भाजपा से अलग होकर जेवीएम यानी झारखंड विकास मोर्चा बना लिया। 14 साल बाद फरवरी 2020 को उनकी दोबारा भाजपा में वापसी हुई। उनको पार्टी में शामिल कराने खुद अमित शाह रांची आए थे। प्रभात तारा मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। झारखंड भाजपा में ऐसा ग्रांड वेलकम किसी नेता का नहीं हुआ था।

### राजद छोड़कर भाजपा में आयीं थी अन्नपूर्णा देवी

बाबूलाल मरांडी की वापसी से करीब एक साल पहले झारखंड राजद अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी ने मार्च 2019 में भाजपा ज्वाइन किया था। अन्नपूर्णा देवी के साथ राजद के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान भी भाजपा में शामिल हुए थे। आज अन्नपूर्णा देवी केंद्र की मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इससे पूर्व की सरकार में राज्य मंत्री थीं।

### कांग्रेस से सांसद रहते भाजपा की हुईं थी गीता

झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले फरवरी माह में कांग्रेस को अलविदा कह दिया था। राज्य में कांग्रेस की एकमात्र सांसद रहते हुए उन्होंने भाजपा ज्वाइन किया था। उनको प्रदेश भाजपा ऑफिस में बाबूलाल मरांडी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई थी।

### झामुमो छोड़कर भाजपा से जुड़ी सीता सोरेन

झारखंड की राजनीति में ऐसा पहली बार हुआ जब झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने पार्टी छोड़ दी और भाजपा ज्वाइन कर लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें मार्च 2024 को दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। लोस चुनाव के पहले यह झामुमो के लिए एक बड़ा झटका था।

### टिकट की चाहत में कई भाजपा में आये और गये

2019 के विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में टिकट की मारामारी में कई नेताओं ने पाला बदला। कभी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे सुखदेव भगत ने अक्टूबर 2019 में भाजपा ज्वाइन कर लिया था, लेकिन कांग्रेस के रामेश्वर उरांव से चुनाव हार गये। इस हार के साथ ही उनका भाजपा से मोहभंग हो गया। इसी बीच भाजपा ने अक्टूबर 2020 में पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया। सुखदेव भगत के साथ बहरागोड़ा से झामुमो के विधायक रहे कुणाल षाड्ंगी ने भी भाजपा ज्वाइन किया था, लेकिन वह झामुमो के समीर मोहंती से चुनाव हार गये। इसके बाद पार्टी में प्रवक्ता बने रहे, लेकिन 7 जुलाई 2024 को उन्होंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।**
पत्रांक ......................................./ दिनांक ................................ /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 16/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 09.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 10.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| Group No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Proposed Barrack for PDJ Residence at Koderma | 35,73,950.00 | 5000.00 | 71,500.00 | 6 Month |
| 2 | Construction of Water Tank near Court Hazat Building in Civil Court Koderma | 5,69,391.00 | 1250.00 | 12,000.00 | 2 Month |
| 3 | Construction of 11.00 Nos Rain Water Harvesting System (Recharge Pit) for all Building in Campus of Civil Court Koderma | 24,90,238.00 | 5000.00 | 50,000.00 | 2 Month |
| 4 | Installation of Steel Jali near the NH Side Boundary wall of Civil Court Koderma | 4,02,925.00 | 750.00 | 8,100.00 | 1 Month |
| 5 | Replacement of Door, Stopper, Window Slider, Broken Window glass Painting and other miscellaneous work in 12 Court Building in campus of Civil Court Koderma | 20,74,553.00 | 5000.00 | 42,000.00 | 2 Month |
| 6 | Construction of RCC Drain Cover for Existing Drain in Campus of Civil Court Koderma | 12,54,558.00 | 2500.00 | 25,100.00 | 2 Month |
| 7 | Construction of Two NosMorcha for Security Guard in Old Judge Colony Koderma | 6,13,450.00 | 1250.00 | 12,300.00 | 2 Month |
| 8 | Construction of RCC Drain Cover and Recharge Pit in D-type Quarter Campus (Behind SDPO & SDM Residence) at Koderma | 15,59,675.00 | 5000.00 | 31,200.00 | 2 Month |
| 9 | Renovation of Existing E-sewa Kendra for Functioning of Virtual Bench in premises of Civil Court Koderma | 8,83,493.00 | 1250.00 | 17,700.00 | 2 Month |
| 10 | Repair and beautification of Existing Litigant Shed in purpose of Judiciary Guest Room in premises of Civil Court Koderma | 9,96,689.00 | 1250.00 | 20,000.00 | 2 Month |
| 11 | Construction of Shed & Platform and Laying of Paver Block for Police Personnel near Old Hazat Building in Civil Court Koderma | 13,89,962.00 | 2500.00 | 27800.00 | 2 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 334082 Building(24-25)D

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
30.08.2024
नगर संस्करण। पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
भादो, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 51
07
संवैधानिक मूल्यों पर आधारित हो राजनीति





# तीन दिनों से चल रही ऑटों एवं ई-रिक्शा की हड़ताल समाप्त, लोगों ने ली राहत की सांस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** परिवहन सचिव एवं नगर आयुक्त से वार्ता में मिले आश्वासन के बाद गुरुवार को राजधानी रांची के ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों की यूनियन ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। हड़ताल समाप्ति की घोषणा के बाद से ही कुछ ऑटो चलने लगे हैं। हड़ताल समाप्त होने के साथ ही ऑटो और ई रिक्शा सड़कों पर फिर से सुचारू रूप से चलने लगे है, जिससे आमलोगों को काफी राहत मिली है। परिवहन आयुक्त एवं नगर आयुक्त के साथ हुई ऑटो यूनियन की वार्ता में 3000 नये ई-रिक्शा को परमिट, 1000 नये ऑटो परमिट जारी करने पर सहमति बनी है। वहीं फिलहाल ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से कोई जुर्माना नहीं वसूला जायेगा। बातचीत में कांग्रेस नेता चंचल चटर्जी ने अहम भूमिका निभायी। ऑटो परमिट को 17 रूट में बांटने पर अगली बैठक तक रोक लगा दी गयी है। प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन एवं रांची जिला ई रिक्शा यूनियन ने हड़ताल से लोगों की हुई परेशानी पर क्षमा मांगी है।

# अधिवक्ता हत्याकांड के आरोपी को मदद करने वाला युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम में बीते दो अगस्त को अधिवक्ता गोपी कृष्ण की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद इस कांड के दोनों अपराधी (रोशन मुण्डा और संदीप कालिन्दी) गिरफ्तार किया गया था। दोनों गिरफ्तार अपराधी के द्वारा बताया गया कि अधिवक्ता गोपी कृष्णा के हत्या करने के बाद भागने के क्रम में एक देसी कट्टा और गोली खेमलाल कालिन्दी (संदीप कालिन्दी का भाई) को छिपाने के



लिए दिये थे व दोनों अपराधी को भगाने में भी सहयोग किया था। इसके बाद से ही पुलिस खेमलाल को खोज रही थी। इसी दौरान एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए खेमलाल कालिंदी को सिमडेगा से उसके जीजा के घर से पकड़ा। पूछताछ करने पर बताया कि हथियार को अपने घर के पास मुडला पहाड़ में छिपा के रखे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम हथियार को बरामद किया। इस बात की जानकारी गुरुवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने मीडिया को दी।

## ब्राउन शुगर के दो कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में कोतवाली डीएसपी प्रकाश कुमार सोए के नेतृत्व में एक बड़े ड्रग्स रैकेट का खुलासा किया गया है। पुलिस की छापेमारी में घर के तहखाने में छुपा कर रखे गए 105 पुड़िया ब्राउन शुगर और तीन किलो गांजा बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि जानकारी मिली थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर के रहने वाले पवन कुमार और चिंटू अपने घर से ही ड्रग्स का कारोबार कर रहा है। सूचना पुख्ता होने के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश कुमार सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में पुलिस पवन कुमार के घर में छापेमारी की गई। पवन ने अपने ही घर में एक छोटा सा तहखाना बनाकर उसमें ब्राउन शुगर और गांजा रखा था। जिसे बरामद कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सदर हॉस्पिटल में अगले हफ्ते से शुरू होगा 28 रूम का पेइंग वार्ड



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के दूसरे सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सदर में मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने को लेकर प्रबंधन रेस है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी इसमें पूरा सहयोग कर रहा है। अब इस हॉस्पिटल में मरीजों को पेइंग वार्ड की सुविधा मिलेगी। जहां 1000 रुपए में एसी रूम मिलेगा। वहीं 24 घंटे नर्सिंग की व्यवस्था भी रहेगी। इससे वार्ड में एडमिट मरीज को तुरंत मदद की जा सकेगी। बता दें कि पहले चरण में 28 रूम के साथ पेइंग वार्ड की शुरूआत की जाएगी।

**वार्ड में ये मिलेगी सुविधाएं :** हॉस्पिटल में इलाज के लिए हर तबके के लोग आते है। अब हॉस्पिटल में संपन्न तबके के लोग भी पहुंच रहे है। जिन्हें प्राइवेट वार्ड की जरूरत होती है। 1000 रुपए देकर वे पेइंग वार्ड में रूम ले सकते है। एसी रूम के साथ गीजर की सुविधा रूम में उपलब्ध होगी। इसके अलावा जल्द ही रूम में टीवी व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा वन टच कॉल की सुविधा भी मिलेगी। बेल बजाते ही अटेंडेंट आपके पास हाजिर होगा। ट्रीटमेंट के बाद डॉक्टरों के निर्देश पर मरीजों को पेइंग वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा।

**500 से अधिक बेड का हॉस्पिटल**

सदर हॉस्पिटल 500 से अधिक बेड का है। इस हॉस्पिटल में स्पेशलिस्ट विभागों की भी शुरूआत की गई है। आन कॉल स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्राइवेट हॉस्पिटलों से आकर यहां के मरीजों का इलाज भी कर रहे है। अब कई और नए विभाग खोलने की भी तैयारी है। जिससे कि मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल की दौड़ न लगानी पड़े।

## हरमू स्थित एक पार्क में गांजा एवं अफीम की बिक्री पर रांची एसएसपी कार्रवाई करने का निर्देश

# रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट का संचालन कहीं बिल्डिंग प्लान का उल्लंघन तो नहीं : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा, रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट का संचालन कहां तक उचित है, कहीं यह बिल्डिंग प्लान का उल्लंघन तो नहीं है? हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची नगर निगम से यह भी पूछा है की शहर के बार एवं रेस्टोरेंट में पार्किंग की सुविधा के लिए क्या पहल की गई है। कोर्ट ने इस पर रांची नगर निगम से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि रांची में अधिक संख्या में रूफ टॉप बार रेस्टोरेंट चल रहे हैं, इन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। वहीं कोर्ट को यह भी बताया गया कि रांची के हरमू रोड स्थित काव्स रेस्टोरेंट के पास पार्क में गांजा एवं अफीम की बिक्री होती है। कोर्ट ने रांची एसएसपी को इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



इससे पहले एमिकस कुमार वैभव की ओर से बार एवं रेस्टोरेंट के साथ-साथ गांजा, अफीम जैसे मादक पदार्थ की बिक्री रोकने को लेकर पुलिस की एसओपी पर सुझाव दिया गया। जिस पर महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि सुझाव पर राज्य सरकार विचार कर आगे कदम उठाएगी।

सुनवाई के दौरान रांची में मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट खुदरा शराब दुकान चलने एवं बार के संचालक पर सवाल उठाया गया। जिस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि उत्पाद विभाग के एसओपी में इन बिंदुओं पर फोकस रखें, जिससे मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास शराब दुकान एवं बार का संचालन ना हो।

कोर्ट ने पुलिस की एसओपी में आए सुझावों पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा उत्पाद विभाग से भी जवाब मांगा। अगली सुनवाई 12 सितंबर को होगी। गुरुवार को राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं पर रोकथाम को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान के साथ-साथ रांची में मंदिर एवं शैक्षणिक संस्थाओं के नजदीक बार के संचालन के खिलाफ लेकर दायर अनुराग कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। दरअसल, खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर आज झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।

## बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का डीपीआर कब तक बनाएंगे?

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। गुरुवार को मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की अतिरिक्त भवन बनाने के लिए डीपीआर कब तक बनेगा? कोर्ट ने राज्य सरकार को इसपर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, अगली सुनवाई सोमवार को होगी। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की। खंडपीठ ने झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से पूछा कि अगर आपको डीपीआर की राशि का भुगतान कर दिया जाता है तो कब तक नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त भवन का डीपीआर तैयार होगा? पिछली सुनवाई में झारखंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के एमडी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि कारपोरेशन के पास वित्त विभाग की चिट्ठी है जिसके तहत वह किसी भी भवन का डीपीआर बनाने के लिए प्रोजेक्ट का कुल लागत का 10 प्रतिशत राशि चार्ज लेता है। पूर्व की सुनवाई दौरान सीसीएल, सेल आदि की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के अतिरिक्त भवन सीएसआर फंड के तहत तैयार करा सकता है, लेकिन उसे भवन का डीपीआर बनाकर दिया जाए। बता दे कि बार एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

# सड़क निर्माण में आ रही भू-अर्जन-मुआवजा वितरण की समस्याओं पर जल्द निकाला जायेगा समाधान

### राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने मांगा प्रतिवेदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सड़क निर्माण में आ रही भू-अर्जन की समस्या और मुआवजा भुगतान पर जल्द ही समीक्षा बैठक होगी। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव, एनएचएआई, एनएच उपभाग व सभी अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी व वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारी से प्रतिवेदन की मांग की है। सड़क परियोजनाओं के नाम व कुल अधियाचित भूमि का रकबा, एकड़ में देने का आग्रह किया है। इसके अलावा अब मिली प्राप्त राशि, वितरित की गयी राशि, बची राशि, अगस्त माह में कितने कैंप लगे राशि वितरण के लिए इसकी भी पूरी जानकारी देने को कहा गया है।

समीक्षा में यह भी देखा जायेगा कि एक अगस्त से 16 अगस्त कितनी करोड़ राशि व 16 अगसत से 27 अगस्त तक कितनी राशि वितरित की गयी है। इसके अलावा भू-अर्जन के अधीन भूमि का म्यूटैशन कितना हुआ है, अधियाचि विभाग को कितना दखल की जमीन दी गयी है। इसकी पूरी विवरणी देने को कहा गया है।

मालूम हो एनएचएचआई चेयरमेन में भी इस संबंध में झारखंड सरकार को पत्र लिखा था और कहा कि भू-अर्जन ससमय नहीं होने और अतिक्रमण, वनभूमि क्लीयरेंस इत्यादि की वजह से सड़क परियोजना का काम प्रभावित हो रहा है। राज्य में करीब 21 हजार करोड़ से अधिक की एनएचएआई का प्रोजेक्ट फंसा हुआ है, इसमें मुख्य रूप से सड़क निर्माण के लिए वनभूमि के बदले गैर वनभूमि नहीं मिलना बताया जा रहा है।

# आइआरबी के 227 जवानों को एएसआई में मिलेगा प्रमोशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के 227 जवानों को एएसआई श्रेणी में प्रोन्नति मिलेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इन 227 जवानों की वरीयता सूची जारी कर दी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार आईआरबी के गठन को मंजूरी देती है। इसका खर्च भी केंद्र सरकार वहन करती है। बटालियन के गठन के लिए यह शर्त भी रहती है कि केंद्र सरकार जहां चाहे इस बटालियन का उपयोग कर सकती है। इस बल का गठन राज्यों में सीआरपीएफ या अन्य केंद्रीय बलों से निर्भरता खत्म करने के लिए किया गया है।

**आश्रितों को उनकी शेष सेवा अवधि के बराबर किया जायेगा भुगतान :** बता दें कि आईआरबी में कार्यरत जवानों और कर्मियों की सेवानिवृत्ति की आयु पहले तय नहीं थी लेकिन इस साल फरवरी में हुए कैबिनेट की बैठक में सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष तय की गयी। आईआरबी के जवानों और कर्मियों के आश्रितों को उनकी शेष सेवा अवधि के बराबर भुगतान करने को मंजूरी भी दी गयी है।

## उत्पाद मंत्री बैद्यनाथ राम ने उत्पाद सचिव को पीत पत्र लिखा, मांगी रिपोर्ट

# शराब दुकान पर काम करने वालों को मिलता है कम वेतन, बेची जाती है मिलावटी शराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शराब बिक्री में लगी आउटसोर्सिंग कंपनियों की वजह से सरकार की बदनामी हो रही है। शराब दुकानों में नियुक्त लोगों को वेतन देने के लिए कंपनियां सरकार से पूरा पैसा लेती हैं पर उन्हें आधी तनख्वाह देती हैं। इसके साथ ही मिलावटी शराब की बिक्री भी की जा रही है। इस वजह से सरकार की बदनामी हो रही है।

इस मुद्दे को लेकर उत्पाद विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम ने उत्पाद सचिव को पीत पत्र लिखा है। उन्होंने शराब के बाजार में चल रहे अन्य दिक्कतों को लेकर भी सचिव का ध्यान खींचा है। मंत्री ने पूरे मामले पर उत्पाद विभाग के सचिव से रिपोर्ट मांगी है। पूछा है कि शराब बिक्री की व्यवस्था को कैसे पारदर्शी बनाया जाये, ताकि इसमें काम करने वाले लोगों के साथ गलत ना हो और खरीदने वालों को मिलावटी शराब ना मिले।

उल्लेखनीय है कि राज्य के तकरीबन सभी जिलों से इस तरह की रिपोर्ट आती रहती है कि शराब दुकानदार प्रिंट रेट से ज्यादा रुपये खरीददारों से वसूलते हैं। प्रति बोतल 10-20 रुपये की अधिक कीमत वसूली जाती है। बताया जाता है कि प्रिंट रेट से अधिक वसूली से मिली राशि में से ही वहां काम करने वाले लोगों को वेतन दिया जाता है। यही कारण है कि शराब दुकानों पर काम करने वाले लोग ज्यादा कीमत पर शराब खरीदते हैं।

# 10 बार टेंडर हुआ फिर भी रिम्स में नहीं लगी एमआरआई मशीन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के पास अपना एमआरआई मशीन नहीं है। पिछले कई सालों से एमआरआई मशीन लगाने के लिए टेंडर जारी किया गया। लेकिन मशीन का सप्लायर नहीं मिला। इस कारण रिम्स में भर्ती होने वाले मरीजों को एमआरआई





कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सरकार ने मरीजों की सुविधा के लिए पीपीपी मोड पर एमआरआई मशीन की व्यवस्था की है। इसके तहत कम दर पर मरीजों का एमआरआई निजी कंपनी हेल्थ मैप करती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 12,388 मरीजों का एमआरआई किया गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुलाई माह तक 4284 मरीजों का एमआरआई किया गया।

जानकारी के मुताबिक, 10 बार टेंडर होने और सप्लायर नहीं मिलने या एक ही सप्लायर का टेंडर में हिस्सा लेने की वजह से एमआरआई मशीन की खरीद नहीं की जा सकी है। इसलिए पिछले माह हुई रिम्स शासी परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया है कि अगर टेंडर में एक ही कंपनी भाग लेती है तो उससे ही मशीन खरीदी जायेगी। मशीन खरीद का ऑर्डर देने से पहले अन्य बड़े अस्पतालों में एमआरआई मशीन की खरीद मूल्य की जानकारी लेनी होगी। इस फैसले के बाद उम्मीद है कि आने वाले समय में रिम्स के पास अपना एमआरआई मशीन होगा और मरीजों को सरकारी दर पर एमआरआई किया जा सकेगा।

# भारत आदिवासी पार्टी के चुनाव प्रभारी नियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने गुरूवार को बयान जारी कर बताया कि भारत आदिवासी पार्टी ने झारखंड चुनाव को लेकर अपने प्रभारीयों की नियुक्ति कर दी है। जिसमें विधायक थावरचंद डामोर, राष्ट्रीय सदस्य बेलोसा बबीता कच्छप एवं पार्टी के







राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर जितेंद्र मीणा को उनके कार्य कुशलता एवं झारखंड की भौगोलिक सामाजिक एवं राजनीतिक स्थितियों की जानकारी को देखते हुए प्रभारी नियुक्त किया है। गौरतलब है कि फिलहाल पार्टी के चार विधायक और एक सांसद है।

# 85 लाख की ठगी मामले में पुलिस ने अबतक दर्ज नहीं की प्राथमिकी

**रांची।** अदालत के आदेश के पांच महीने बाद भी जगन्नाथपुर थाना प्रभारी ने 85 लाख रुपए की ठगी मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने ठगी मामले की सुनवाई करते हुए 15 मार्च 2024 को ही जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। अधिवक्ता विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित लटमा रोड हटिया निवासी विमलेंदू दास इससे सदमे में है। पुलिस चार-पांच बार बुला चुकी है लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। ये कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है।

बताया कि रेलवे के टेंडर में पार्टनर बनाकर काम दिलाने का झांसा देकर मेसर्स लक्कर एंड कंपनी बेगुसराय के संचालक लटमा रोड हटिया निवासी नीरज कुमार अरुण ने विमलेंदू दास से 85 लाख रुपए की ठगी कर ली है। इस धोखाधड़ी को लेकर सिविल कोर्ट रांची में फरवरी 2024 में मुकदमा किया गया था। यह मोटी रकम रेलवे से सेवानिवृत्त उसके पिता के सेवानिवृत्ति लाभ की थी। दोनों के बीच 21 दिसंबर 2022 को एकरारनामा हुआ था। एकरारनाम के बाद नीरज कुमार अरुण ने कार्यों को देखाते हुए विमलेंदू दास से 85 लाख रुपए लिया। यह राशि उसने चालबाजी से उसका पैसा हड़पने की नियत से लिया है। धोखाधड़ी में नीरज के साथ रामगढ़ के गोला निवासी अजय कुमार मिश्रा एवं हटिया के लटमा रोड निवासी बुबल बारा शामिल है। तीनों को आरोपी बनाया गया है। तीनों ने पीड़ित और उसके पिता को विश्वास में लेकर 85 लाख की ठगी कर ली है।

## राज्यपाल का सैनिक बाजार की दुकानों को खाली कराने से इनकार

# सैनिक कल्याण बोर्ड सिर्फ प्रस्ताव तक ही सीमित नहीं रहे : राज्यपाल

### राज्यपाल ने कार्यों में तेजी लाने और कैंट की समस्याओं का समाधान करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में गुरुवार को राज भवन में सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड की 16वीं राज्य प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड प्रस्ताव तक सिर्फ सीमित नहीं रहे, बल्कि अपने कार्यों में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी कैंट है, वहां आपस में विभिन्न विषयों पर चर्चा



होनी चाहिए तथा वहां की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारी तहत कार्य करना चाहिए और सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। राज्यपाल ने मौके पर सैनिक मार्केट में भूतपूर्व सैनिकों को वर्षों पहले आवंटित दुकान खाली कराने के विषय पर कहा कि जब सभी चीजें सही व अनुकूल चल रही हो, तो अनावश्यक खाली कराने की कार्रवाई क्यों, अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी से वार्ता कर कोई अन्य उपाय निकालना चाहिये। दुकान के किराये में वृद्धि पर उनसे बात कर सकते हैं। मौके पर हजारीबाग में एनसीसी यूआरसी कैंटीन के संचालन की स्वीकृति दी गयी। राज्यपाल ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश दिया। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों के मेधावी बच्चे जिनका चयन कमिशन्ड ऑफिसर में हुआ है, उन्हें आरंभ में 25000 रुपये पारितोषिक राशि के रूप में देने की बात हुई।

**वेलफेयर सिनेमा हॉल को मॉल में बदलने व पार्किंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की चर्चा**

बैठक में वैसे भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें रोजगार की सख्त आवश्यकता हैं, को राज्य में मौजूद विभिन्न कम्पनियों में समायोजित करने की बात कही गई एवं भूतपूर्व सैनिकों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न लोक उपक्रम इकाई में गार्ड के रूप में भूतपूर्व सैनिकों को डीजीआर के तहत सिक्योरिटी एजेंसी से सेवाएं ली जाये, इसके लिए आग्रह किया गया।

बैठक में राज्यपाल के समक्ष अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा सैनिक कल्याण बोर्ड की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल के समक्ष वर्षों से बंद पड़े वेलफेयर सिनेमा हॉल को मॉल में बदलने व इसके पार्किंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की चर्चा की गई। साथ ही, पूर्व सैनिकों के होल्डिंग टैक्स माफ करने के लिए ध्यान आकृष्ट कराया गया तथा भूतपूर्व सैनिकों को राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली नियुक्ति में आरक्षण का लाभ मिले, इसका आग्रह किया गया। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, प्रधान सचिव, वित्त विभाग मस्तराम मीणा सहित निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड, सहायक निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड, जीओसी-23 इन्फेंट्री डिवीजन, सचिव, भूतपूर्व सैनिक कल्याण, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
30.08.2024
नगर संस्करण। पेज : 14

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 51 | 14



द बकिंघम मर्डर्स का पहला गाना साड़ा प्यार टूट गया रिलीज

## न्यूज डायरी

### मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम अब चार को

रांची। 30 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाइ) का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम फिलहाल टल गया है। कार्यक्रम को बड़े स्तर पर करने की तैयारी है. इसी को लेकर कार्यक्रम को फिलहाल टाल दिया गया है। सूचना है कि कार्यक्रम अब 4 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जायेगा।

### कुलकर्णी राज्यपाल के प्रधान सचिव बने रहेंगे

रांची। राज्य सरकार ने पिछले दिनों कई आईएएस अधिकारियों का तबादला किया था। इनमें राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी भी शामिल थे। उन्हें कृषि विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया था। राज्यपाल के हस्तक्षेप के बाद इन्होंने कृषि विभाग का प्रभार नहीं लिया था। राज्य सरकार ने पहले के आदेश को विलोपित कर दिया। अब डॉक्टर नितिन मदन कुलकर्णी राज्यपाल के प्रधान सचिव बने रहेंगे।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ तीन महिला नक्सली ढेर

रायपुर । छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर में सुरक्षाबलों मुठभेड़ तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से तीनों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किये गये हैं। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। सुरक्षाबल के जवान जैसे ही पहुंचे, नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन नक्सली मारे गये।

### पंकज मिश्रा जमानत याचिका दूसरी बार भी खारिज

रांची। टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में भी ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### जनसुझाव से घोषणा पत्र बनायेगी भाजपा

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश भाजपा जनाकांक्षाओं के अनुरूप सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी संकल्पपत्र बनायेगी। गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते उन्होंने कहा कि भाजपा को कहती है, वह करती है। हम ठगबंधन की तरह जनता के सामने झूठे वादे नहीं करते। पार्टी का घोषणापत्र समाज के अलग अलग समूह, वर्ग से संवाद स्थापित कर सुझाव पर आधारित होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 87000 रु./प्रति किलो |




---

## कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्ताव पास, हेमंत सरकार का मास्टर स्ट्रोक

# 30 लाख बिजली उपभोक्ताओं का बकाया माफ

- अग्निवीर के आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी, 10 लाख तक मुआवजा
- डीके तिवारी फिर एक साल के लिए निर्वाचन पदाधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हेमंत सरकार ने एक बार फिर मास्टर स्ट्रोक खेला है। अब राज्य में 200 यूनिट फ्री बिजली उपभोग करने वाले 30 लाख 44 हजार 389 घरेलू उपभोक्ताओं का बकाया माफ करेगी। जिन लोगों की 200 यूनिट बिजली माफ हुई है, उनका एरियर भी माफ होगा। बकाया माफी के लिए राज्य सरकार 3584 करोड़ रुपए खर्च करेगी। गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में ऊर्जा विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट की बैठक में कुल 44 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इनमें राज्यकर्मियों को महंगाई भत्ते की किस्त को मंजूरी दी गयी। इसका लाभ एक जुलाई 2024 से मिलेगा। शहीद अग्निवीर के आश्रितों को नौकरी देने का प्रावधान किया गया है। वहीं सरकार ने पूर्व में कार्यरत पोषण सखियों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया है। इसके तहत धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, चतरा और कोडरमा में कार्यरत 10 हजार 388 पोषण सखियों को फिर से बहाल किया जायेगा। केंद्र द्वारा पैसा नहीं देने के कारण इन्हें सेवा से हटा दिया गया था।

**वाटर फिल्टर प्लांट नियमावली को मंजूरी :** बैठक में वाटर फिल्टर प्लांट के लिए नियमावली को मंजूरी दी गयी। डीके तिवारी फिर से एक साल के लिए झारखंड के निर्वाचन पदाधिकारी बनाने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। इसके अलावा झारखंड वक्फ नियमावली 2024 की मंजूरी दी गयी। झारखंड अग्नि शमन सेवा विधेयक 2024 को भी कैबिनेट से पारित कर दिया गया। इसके अलावा पीएम पोषण सखी योजना में अब 10 की जगह12 महीने का मानदेय का फैसला लिया गया।

### कैबिनेट में इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

राज्य कर्मियों को महंगाई भत्ते की किस्त की स्वीकृति। गृह विभाग अंतर्गत फिंगरप्रिंट डिपार्टमेंट में पदों की स्वीकृति। अग्निवीर की आश्रित और उनकी पत्नी को मरणोपरांत अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का प्रावधान। अनुग्रह अनुदान 10 लाख और आश्रित को सरकारी नौकरी। तेनुघाट लालपनिया पावर प्लांट में सोलर पावर प्लांट के अधिष्ठापन के लिए कुल प्राथमिक राशि 275 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति। 50 करोड़ के लोन की अनुशंसा। झारखंड वक्फ नियमावली 2024 को मंजूरी। नेतरहाट समेत झारखंड के चार विशेष विद्यालयों को आगे जारी रखने का फैसला। झारखंड अग्नि शमन सेवा विधेयक 2024 पारित। राज्य में इको टूरिज्म को विकसित करने के लिए केंद्र की तर्ज पर योजना की स्वीकृति अधिकतम राशि 44 करोड़। राज्य में चलाई जाएगी दो विज्ञान प्रदर्शनी बसें। एम्स देवघर में अतिरिक्त पावर स्टेशन और संचालन लाइन बनाने की प्रस्ताव को मंजूरी। पीएम पोषण सखी योजना में अब 12 महीने का मानदेय मिलेगा। पहले 10 महीने का मिलता था। चाईबासा सदर अंचल में तीन नये हल्के का सृजन। डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए भारत सरकार के साथ एमओयू को मंजूरी। झारखंड आंदोलनकारी आईडेंटिफिकेशन आयोग का 1 वर्ष के लिए एक्सटेंशन। अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेविका सहायिका और पर्यवेक्षाका की पुर्नबहाली को मंजूरी। झारखड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के अवधि विस्तार की स्वीकृति।

---

## हेमंत ने 365 सीएचओ को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा- आप आल राउंडर

# लोग तभी स्वस्थ रहेंगे जब विभाग स्वस्थ रहेगा

### तमाम चुनौतियों के बाद भी हजारों नियुक्तियां की

### व्यवस्था बना रहे हैं, इलाज कराने बाहर नहीं जाना होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। लोग तभी स्वस्थ रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) ऑलराउंडर की भूमिका में हैं। सीएम हेमंत ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ये बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने 365 अनुबंध आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंप। कार्यक्रम में सीएम ने पांच सीएचओ को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें पहली बार ट्रांसजेंडर अमीर महतो के अलावा रीता महतो, डॉ. पियुल कुजूर, मजमा परवीन और डॉ संदीप कुमार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही ऐसी व्यवस्था बनायेंगे कि लोगों को इलाज के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े। इस मौके पर प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 365 सीएचओ को दिया नियुक्ति पत्र सौंपा गया। (शेष पेज 13 पर)



### झारखंड में पहली बार ट्रांसजेंडर बनी सीएचओ

झारखंड में पहली बार एक ट्रांसजेंडर सीएचओ की जिम्मेदारी निभायेगी। सीएम हेमंत सोरेन ने अमिर महतो को नियुक्ति पत्र सौंपा है। प. सिंहभूम के मनोहरपुर की रहने वाली अमिर महतो को बतौर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। उन्होंने रिम्स से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई की। ओड़िशा के संबलपुर नर्सिंग कॉलेज से एमएससी नर्सिंग करने के बाद झारखंड में नियुक्त हुई अमिर महतो काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरी बहाली होगी। अमिर महतो ने कहा कि एक ट्रांसजेंडर के लिए संघर्ष क्या होता है वही जानती हैं। मेरे साथ सुखद बात यह रही कि कॉलेज में भी कोई परेशानी नहीं हुई। वह पटना एम्स में भी सेवा दे चूकी हैं। अस्पतालों में मैं मरीज के बीच कोई भेदभाव नहीं करूंगी।

---

# अभिनंदन समारोह में आज कमल थामेंगे चंपई सोरेन

### भाजपा के कई दिग्गज मिलन समारोह में रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में 30 अगस्त 2024 को अपराह्न 2बजे से प्रदेश भाजपा द्वारा गोलचक्कर मैदान धुर्वा में भव्य अभिनंदन एवं मिलन कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री और कोल्हान टाइगर के नाम से चर्चित चंपाई सोरेन अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। समारोह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है।

समारोह में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी एवम असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा सहित पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित प्रदेश के पदाधिकारी, नेता शामिल होंगे।



### 10बजे होगी पार्टी की अहम बैठक

अभिनंदन सह मिलन समारोह से पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय के समीप कावस रेस्टुरेंट में पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सभी जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रमंडल प्रभारी, विधानसभा प्रभारी शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का मार्गदर्शन होगा। उधर चंपाई सोरेन ने भी व्यापक स्तर पर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी की है। 30 अगस्त को बड़ी संख्या में उनके समर्थकों के जुटने की संभावना है। इसका असर दिखने लगा है। सरायकेला के गम्हरिया प्रखंड स्थित महुलडीह में मौजूद चंपाई सोरेन के पार्टी दफ्तर पर हरा की जगह भगवा रंग चढ़ा दिया गया है।

---

# पत्थर व कोयला कारोबारी हाकिम के घर पाकुड़ में सीबीआइ छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड के अलग-अलग जिलों में लगातार सीबीआई की छापेमारी जारी है। इस दौरान कोयला कारोबारी समेत अन्य कारोबारियों की गिरफ्तारी हुई है। गुरुवार को पाकुड़ में भी सीबीआई टीम ने दबिश दी है। सूत्रों के अनुसार पूर्व मंत्री आलमगीर के करीबी हाकिम मोमिन के घर पर सीबीआइ की टीम ने छापेमारी शुरू की है। जानकारी के अनुसार सीबीआइ की चार सदस्यीय टीम पत्थर एवं कोयला कारोबारी हाकिम मोमिन के यहां जांच-पड़ताल कर रही है। हालांकि इस मामले में जिले के कोई भी



अधिकारी या सीबीआई के अधिकारी कुछ भी कहने से फिलहाल इंकार कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार हाकिम के बारे में सनसनीखेज जानकारी सामने आयी है। हाकिम के पास वर्ष 2020 में पांच हाइवा हुआ करता था, आज की तारीख में उसके नाम से 107 हाइवा व जेसीबी है। इन गाड़ियों की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ है। वर्ष 2020 वही साल है, जब आलमगीर का ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री होने का सफर शुरू हुआ था।

हाकिम ने सभी वाहनों की रजिस्ट्रेशन पाकुड़ से ही कराया है। जानकारी के मुताबिक, हाकिम ने 107 वाहनों को खरीदने के लिए अलग-अलग बैंकों से लोन लिया है। जिन बैंकों से हाकिम ने लोन लिया है, उनमें एसबीआई, सीआईएफसीएल, एमएमएफएसएल, एक्सिस बैंक, एचडीबी, आईबीएल, कोटक, फेडरल, टीएमएफ, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और टाटा कैपिटल बैंक शामिल है। बताया जाता है कि हाकिम की सारी गाड़ियां सरकारी कॉन्ट्रैक्ट के काम में लगते हैं।

---

# हेमंत कैबिनेट में चंपई की जगह लेंगे रामदास

### आज 11.30 बजे लेंगे शपथ , 12वें मंत्री होंगे सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में तेजी से बदल रही राजनीतिक घटनाक्रम के बीच एक ओर राज्यपाल ने चंपई सोरेन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। वहीं, दूसरी ओर झामुमो ने विधायक रामदास सोरेन का नाम मंत्री पद के लिए राज्यभवन भेजा है। घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन अब उनकी जगह लेंगे। वह चंपई के काफी करीबी भी माने जाते रहे हैं। राज्यपाल संतोष गंगवार ने उनका नाम मंत्री पद के लिए फाइनल कर लिया है। रामदास सोरन शुक्रवार को 11.30 बजे मंत्री पद की शपथ लेंगे।

#### घाटशिला में है जबरदस्त पकड़

रामदास सोरेन कोल्हान प्रमंडल के घाटशिला से झामुमो के विधायक हैं। वह दूसरी बार विधायक बने हैं। उन्होंने पहला चुनाव 1995 में जमशेदपुर पूर्वी से रघुवर दास के खिलाफ लड़ा था। तब उन्हें महज 7,306 वोट मिले थे। उस चुनाव में रघुवर दास की जीत हुई थी। उन्होंने कांग्रेस के केपी सिंह को सिर्फ 1,101 वोट के अंतर से हराया था। रामदास सोरेन ने 2005 में घाटशिला से झामुमो का टिकट नहीं मिलने पर बतौर निर्दलीय ताल ठोक दिया था। 2009 में उन्होंने झामुमो के टिकट पर कांग्रेस के प्रदीप बलमुचू को महज 1,192 वोट से हराकर पहली जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सूर्य सिंह बेसरा तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 में मोदी लहर का असर पड़ा। इस चुनाव में रामदास सोरेन को भाजपा के लक्ष्मण टुडू ने हरा दिया था। 2019 में रामदास सोरेन ने भाजपा के लखन चंद्र मार्डी को हराकर दूसरी बार जीत दर्ज की।



### झारखंड आंदोलनकारी हैं रामदास

रामदास सोरेन मूल रूप से घाटशिला के तामपाड़ा के रहने वाले हैं। वर्तमान में जमशेदपुर के घोड़ाबांधा में परिवार के साथ रहते हैं। इनके तीन पुत्र और पुत्री है। इनकी पुत्री बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली में मैनेजर के पद पर हैं। दो पुत्र बिजनेस करते हैं। एक पुत्र यूपीएससी की तैयारी कर रहा है। रामदास सोरेन खुद को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर से स्नातक हैं। वह अलग झारखंड राज्य आंदोलन के नेता रहे हैं। उनका चंपाई सोरेन से बेहद करीबी संबंध रहा है। पिछले दिनों चंपाई सोरेन की दिल्ली में हो रही गतिविधि के दौरान रामदास के भी बागी होने की अफवाह फैली थी, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वे दिल्ली में इलाज कराने गये थे। उनकी एक किडनी का ट्रांसप्लांट हुआ है।

---

# 7 राज्यों में 16 ठिकानों पर एनआइए रेड, कई दस्तावेज मिले

### पाक खुफिया एजेंसी आइएसआइ से जुड़ा है जासूसी का मामला

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से जुड़े एक जासूसी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गिरोह पर विशाखापत्तनम से गोपनीय रक्षा जानकारी लीक करने का आरोप है। एनआइए ने 7 राज्यों में 16 जगहों पर एकसाथ छापेमारी की। यहां से एनआईए की टीमों ने 22 मोबाइल फोन, संवेदनशील दस्तावेज और अन्य चीजें जब्त की। एनआइए ने बताया कि इस मामले में आंध्र प्रदेश की काउंटर इंटेलिजेंस सेल ने जनवरी 2021 में इस मामले में मामला दर्ज किया गया था। जुलाई 2023 में एनआईए ने इसकी तफ्तीश अपने हाथों में ली थी। इसी मामले को लेकर एनआईए ने गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 ठिकानों पर छापेमारी की।

#### क्या है मामला

यह मामला पाकिस्तानी आइएसआइ जासूसी गिरोह के माध्यम से गोपनीय रक्षा जानकारी के लीक से जुड़ा है। टीमों ने जिन परिसरों में छापेमारी की। वह सब उन संदिग्धों से जुड़े हैं। जिन्होंने भारत में जासूसी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान से धन प्राप्त किया था। इस मामले में भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील महत्वपूर्ण जानकारी लीक हुई थी। जो सीमा पार पाकिस्तान से रची गई भारत विरोधी साजिश का हिस्सा था। देश की रक्षा से जुड़े इस गंभीर मामले में एनआइए ने 19 जुलाई 2023 को दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दायर की थी। इनमें एक फरार पाकिस्तानी नागरिक मीर बलाज खान भी शामिल है। तफ्तीश में सामने आया था कि मीर बलाज खान एक गिरफ्तार आरोपी आकाश सोलंकी के साथ जासूसी गिरोह में शामिल था।



### ऐक्शन में राष्ट्रीय जांच एजेंसी

6 नवंबर 2023 को एनआइए ने दो अन्य आरोपी मनमोहन सुरेंद्र पांडा और एल्विन के खिलाफ एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। पांडा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी एल्विन एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी और यह फरार है। मई 2024 में एनआइए एक आरोपी अमान सलीम शेख के खिलाफ अपनी दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की थी। जिसने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ साजिश रची थी। इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच जारी है।

---

# पर्व-त्योहारों के समय शांति रहे, बिजली संकट न हो

### उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को सीएम का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व सहित अन्य पर्व-त्योहार राज्य में शांतिपूर्वक संपन्न हो इस निमित्त हर हाल में बेहतर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की कोई हिंसा, उपद्रव, संगठित अपराध इत्यादि की घटनाओं को अबिलम्ब रोका जा सके इसके लिए पुख्ता तैयारी रखें। अपराध को अंजाम देने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। सभी प्रशासनिक तैयारियां एक बेहतर प्लानिंग के साथ करें। सीएम गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में बोल रहे थे।

**निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें :** सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे कस्बों में भी पर्व- त्योहारों को बहुत उत्साह, उमंग और खुशी के साथ मनाया जाता है। ऐसे में किसी भी हाल में पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली की समस्या उत्पन्न न हो। इसकी पूरी तैयारी रखें। (शेष पेज 13 पर)

# 'दिव्य कला मेला' दिव्यांगों के सशक्तीकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम : राज्यपाल

**हरमू मैदान में दिव्य कला मेला का किया जा रहा है आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को हरमू मैदान में आयोजित 'दिव्य कला मेला' के उद्घाटन समारोह के अवसर पर कहा कि दिव्यांगजन के विकास हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित हैं, जरूरत है लोगों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने की। उन्होंने कहा कि हर्ष का विषय है कि झारखंड की इस पावन धरती पर दिव्य कला मेला का आयोजन हो रहा है। यह मेला न केवल कला व शिल्प का उत्सव तथा सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि हमारे दिव्यांगजनों की अद्वितीय प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं साहस का प्रतीक भी है।

उन्होंने कहा कि यह मेला दिव्यांगजन के सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। दिव्य कला मेला के आयोजन हेतु उन्होंने डॉ. वीरेन्द्र कुमार केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में आयोजित इस मेला के माध्यम से हमारे देश के दिव्यांगजन को एक ऐसा मंच प्रदान किया जा रहा है। मेलों के माध्यम से दिव्यांगजन अपने उत्पादों को न केवल देश भर में प्रदर्शित कर सकते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक बाजारों तक भी पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कल से पेरिस में पैरालंपिक आरंभ हुआ है। पूर्ण विश्वास है कि हमारे खिलाड़ीगण अपनी प्रतिभा का पूरा परिचय देते हुए देश के लिए अधिक-से-अधिक पदक हासिल करेंगे।

कार्यक्रम को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार एवं झारखण्ड विधानसभा सदस्य नवीन जयसवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न दिव्यांग लाभुकों के मध्य रोजगार हेतु ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। साथ ही लाभुकों को मोटराज्ड ट्राई साइकिल एवं कान का मशीन भी प्रदान किया गया।

## अग्रसेन पथ स्थित श्रीश्याम मंदिर में एकादशी पर्व मना

रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में गुरुवार को एकादशी पर्व अत्यन्त श्रद्धा भाव व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। सनातन धर्म में एकादशी का अत्यन्त महत्व होने के कारण प्रात: से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तगण आतुर थे। प्रात: श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब, जूही, बेला व रजनीगंधा के ताजे और खुशबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, चन्द्र प्रकाश बगला, सुदर्शन चितलांगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, मनोज ढांढनियां, अनुराग पोद्दार, नितेश लाखोटिया का विशेष योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### श्री श्याम मंदिर में जया एकादशी मनी



रांची। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरूवार को जया एकादशी भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। खाटू नरेश के विशेष दिन एकादशी होने के कारण प्रात: से ही मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। सुबह 5:00 बजे पट खुलते ही नियमित दर्शन करने वालों का तांता श्री श्याम मंदिर में रहा। 5:30 बजे की मंगल आरती के समय भक्तों ने अपने भाव प्रकट किए। इसके कुछ देर बाद बाबा श्याम के एवं तीनों मंड के पर्दा लगाकर प्रात: कालीन श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती 8:30 बजे शुरू हुई। आरती के बाद जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम से हरमू रोड का श्याम मंदिर गूंज रहा था। 12:30 बजे विश्राम के लिए बाबा का पर्दा लगा दिया गया । दोपहर के बाद संध्या कालीन श्रृंगार मंदिर के आचार्य द्वारा किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब लाल गेंदा पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसी दल मुरुगन की मोटी मोटी मालाओं से बाबा का अनुपम श्रृंगार किया गया। जया एकादशी का मुख्य कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में रात्री 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। अरविंद कुमार सिन्हा, माधुरी सिन्हा ने अपने परिवार के साथ खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर पेड़ा मेवा फल मगहीपन आदि का भोग लगाकर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी , महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, सलज अग्रवाल, सोनू साकेत ढानढनिया, संजय सर्राफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल , आशुतोष खेतान उपस्थित थे।

## अंडर 14 गर्ल्स क्रिकेट फाइनल में डीएवी बिष्टुपुर ने डीएवी हेहल को 30 रनों से हराया




रांची। डीएवी स्पोर्ट्स (जोनल) के दूसरे दिन गुरूवार को अंडर 14 गर्ल्स क्रिकेट फाइनल में डीएवी बिष्टुपुर ने डीएवी हेहल को 30 रनों से हराया और अंडर 14 ब्वाएज फाइनल में डीएवी कपिलदेव कडरू ने डीएवी कोयला नगर धनबाद को 33 रनों से हराया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि खेल और जीवन में जिसे हम हार कहते हैं वह एक सीख होती है। **अंडर 14 क्रिकेट फाइनल :** अंडर 14 ब्वॉयज फाइनल डीएवी कपिल देव कडरू ने जीता उपविजेता डीएवी पुंदाग की टीम रही। वही अंडर 14 गर्ल्स क्रिकेट की डीएवी बिष्टुपुर की शान्वी, अंडर 17 में डीएवी कथारा की ईशा कुमारी और अंडर 19 वर्ग में डीएवी बिष्टुपुर की रिशिका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

## विभागीय सचिव और एसपीडी से मिला बीआरपी-सीआरपी डेलिगेशन

**बीआरपी सीआरपी से संबंधित समस्याओं के समाधान का किया आग्रह**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को विभागीय सचिव उमा शंकर सिंह से मिलकर बीआरपी सीआरपी से संबंधित समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। इसमें प्रमुख रूप से ईपीएफ कटौती, ग्रुप बीमा, संविदा नियम में की गई मानदेय वृद्धि पारा शिक्षकों से कम होना, अवर शिक्षा एवं अन्य विभाग में सेवाकाल के आधार पर आरक्षण, प्रत्येक माह की 10 तारीख से पूर्व मानदेय भुगतान एवं ई विद्या वाहिनी का सही संचालन की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। सचिव ने सभी मुद्दों पर अपना सकारात्मक दृष्टिकोण रखे। उनके द्वारा बताया गया कि ईपीएफ कटौती प्रक्रियाधीन है। अन्य मुद्दे का भी समाधान जल्द किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद के साथ महासचिव नितिन कुमार, कुमार सिकंदर, कमलकांत मेहता, रविंद्र कुमार ठाकुर, आनंद कुंडू, महादेव महतो के साथ अन्य साथी उपस्थित थे।

विभागीय सचिव से मिलने के बाद संघ का प्रतिनिधिमंडल एसपीडी आदित्य रंजन से मिलकर उपरोक्त सभी बिंदुओं पर विस्तार से ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान बीआरपी सीआरपी के मानदेय स्थगण पर जो पत्र निर्गत किया गया है, उस पर भी चर्चा की गई। एसपीडी को संज्ञान में दिया गया कि बहुत सारे बीआरपी सीआरपी विभिन्न कार्यालयों में प्रतिनियुक्त हैं। देवघर के साथी श्रावणी मेला में मजिस्ट्रेट की ड्यूटी पर थे। कुछ रिटायर्ड साथी का नाम ई विद्या वाहिनी में है, जिनका नाम हटाया नहीं गया है। मानदेय भुगतान भी प्रत्येक माह के 10 तारीख तक करने का अनुरोध किया गया। सभी बिंदुओं पर एसपीडी का सकारात्मक रुख रहा। उन्होंने आश्वस्त किया कि अन्य बिंदुओं का भी समाधान जल्द हो जाएगा। पहले आप लोग बढ़ा हुआ मानदेय प्राप्त कर लें।

## विकास विद्यालय में कॅरियर मेला आयोजित



रांची। एजुकेटर्स इंडिया के सहयोग से गुरुवार विकास विद्यालय में करियर मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थान एक साथ आए। इस कार्यक्रम ने छात्रों को कई शैक्षिक अवसरों का पता लगाने और प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। करियर मार्गदर्शन मेले में छात्रों की ओर से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी। यह मेला स्कूल के विशाल सेंट्रल डाइनिंग हॉल में आयोजित किया गया था और सभी उपस्थित लोगों के लिए एक सहज और जानकारीपूर्ण अनुभव सुनिश्ति करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया था। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. पी. एस कालरा ने कहा, विकास विद्यालय राँची द्वारा आयोजित करियर मार्गदर्शन मेला एक शानदार सफलता थी, जो छात्रों को उनके उच्च शिक्षा विकल्पों की खोज करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम प्रदान करता है।

## सरला बिरला स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुए कई कार्यक्रम




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मेजर ध्यानचंद की जयंती एक साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच शारीरिक फिटनेस और खेल भावना के महत्व को उजागर किया गया। इस आयोजन में रंगारंग वेशभूषा प्रतियोगिता, खेलों के महत्व पर आधारित एक गीत और प्रेरणादायक भाषण शामिल थे। प्राचार्या परमजीत कौर ने खेलों के महत्व पर जोर दिया, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक विकास के लिए भी लाभकारी हैं। उन्होंने सभी को खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया, जिससे इसके बहुआयामी लाभों को समझा जा सके।

## एडिटिव फ्लूइड विकसित करने के लिए आईओसीएल और सेल आये साथ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की अनुसंधान इकाई, आरएंडडी सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) ने एक विशेष एडिटिव फ्लूइड विकसित करने के लिए एक समझौता किया। इसका उद्देश्य स्टील प्लांट में गीले क्वेंच्ड कोक की नमी को कम करना है।

समझौता ज्ञापन (एमओए) पर सेल के ईडी (आरडीसीआईएस) संदीप कुमार कर और आईओसीएल के ईडी (ल्यूब्स) आर उदय कुमार ने सर्वो मेटल मीट के दौरान हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ आईआईएससीओ स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, आरडीसीआईएस और आईओसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

नए एडिटिव फ्लूइड से कोक की नमी न्यूनतम 2% कम होने की उम्मीद है, जो स्टील के प्रति टन 4-5 किलोग्राम तक कोक की खपत को कम कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण लागत बचत और सीओ2 उत्सर्जन में कमी आएगी। एडिटिव फ्लूइड के संयुक्त विकास पर प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है, उत्पाद का मूल्यांकन आरडीसीआईएस प्रयोगशाला में और बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन में संक्षिप्त परीक्षण के माध्यम से किया गया है।

## मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम ने असहाय को घर पहुंचाया



रांची। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के अन्तर्गत काम कर रही समाजिक संस्था मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम ने गुरूवार को याददाश्त खो चुके मो असर को उनके घर पहुंचाया। इनका इलाज आश्रम के द्वारा शहर के जाने माने न्यूरो सर्जन डॉ एच.पी. नारायण की देखरेख में कराया गया और याददाश्त आने के बाद उन्हें उनके घर पहुंचा दिया गया। इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल,उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, आश्रम के सेवासाथी चन्द्रदिप साहु, हरीश कुमार,मनोज कुमार पंडित गौरव कुमार, कम्पाउण्डर अशोक ठाकुर,सुधीर कुमार, उत्तम कुमार, पुरणमल सर्राफ, विशाल जालान, ओम प्रकाश सरावगी का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर हरि कनक ग्रेटर ने किया सम्मान समारोह का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर गुरुवार को लायंस क्लब रांची हरि कनक ग्रेटर के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि कनक ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश केडिया ने की।

इस मौके पर क्लब की ओर से रांची विश्वविद्यालय के क्रिकेट कोच चंचल भट्टाचार्या एवं रांची जिला योग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं योग इंस्ट्रक्टर ऑल इंडिया रेफरी रीमा वर्मा को रांची मोराबादी स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया और खेल दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

इस मौके पर क्लब के रीजन चेयर पर्सन लायन प्रेमशंकर मिश्रा, सचिव लायन अमित मिश्रा, लायन शिव किशोर शर्मा, लायन प्रशांत कुमार सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## केसीएल सीजन 3 प्रतियोगिता में रांची के फाइटर्स ने 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रोंज मेडल प्राप्त किये

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दिल्ली में आयोजित नॉकआउट कॉम्बेट लीग सीजन 3 (केसीएल) एमएमए प्रतियोगिता में झारखंड, रांची के फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रोंज मेडल अपने नाम किए। गोल्ड मेडलः अश्विन प्रणय लकड़ा, एकवीरा प्रजापति, शौर्य राज, प्रिंस कुमार तथा कौशल जरिका। सिल्वर मेडलः प्रिष्टि उरांव, जिगर मुंडा, ब्रोंज मेडल : शुभम तिवारी ने मेडल अपने नाम किए। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण और कुशल प्रशिक्षण का परिणाम है, जिसे उन्होंने फुल कांटेक्ट फाइटिंग मार्शल आर्ट्स और अल्टीमेट शार्क कंटेंडर संस्था के अंतर्गत प्राप्त किया है।

सभी फाइटर्स को 'एमएमए शार्क' रंजन सिंह के मार्गदर्शन में मास्टर प्रेम और मास्टर मुकेश से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मास्टर प्रेम एवं मास्टर मुकेश पिछले 18 सालों से मार्शल आर्ट्स के विभिन्न शैलियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं और मार्शल आर्ट्स के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं।

एमएमए शार्क ग्रैंड मास्टर रंजन सिंह, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित और अनुभवी एमएमए ट्रेनर हैं, ने इन फाइटर्स को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनने में मदद की है। उनके निर्देशन में, फाइटर्स ने प्रतियोगिता में अपनी तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए यह सफलता हासिल की है।

केसीएल में रांची के फाइटर्स की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल राज्य का गौरव बढ़ाया है, बल्कि झारखंड में मार्शल आर्ट्स के उभरते हुए स्तर को भी उजागर किया है। यह जीत उन सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है जो अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रयासरत हैं।

## सामाजिक शारदा फाउंडेशन ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया आयोजन



**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस एव हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद चंद कि जयंती के मौके पर सामाजिक संस्था शारदा फाउंडेशन ने गुरूवार को हरमू स्थित सरदार पटेल पार्क में दो दिवसीय मेजर ध्यानचंद बैंडमीनटन का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में शारदा फाउंडेशन के आशुतोष द्विवेदी,खेल शिक्षक गोविंद झा, राजीव आनंद प्रकाश कुमार, सुशील कुमार एवं जय श्रीवास्तव ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

## विकास पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया



**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में राष्ट्रीय खेल दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय निदेशक संजय कुमार, प्रधानाध्यापिका अंशु तिवारी, शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके की गई। इस अवसर पर बन्नी होप रेस, खो-खो, बोरा रेस, रस्सा-कस्सी रेस, स्पून मार्बल रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता खेल शिक्षक आदित्या राज के नेतृत्व में खेली गई। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में गौरव, अभिभावकगण, शिक्षक, अविनाश कुमार सिंह, प्रकाश, नितिन, शिक्षिका बबिता कुमारी, कृतिका, चैताली मुखर्जी, सत्यम शिखा, अर्चना, आकांक्षा, रेशमा बेगम, साक्षी जायसवाल, अरुणिमा दास, अनुपमा खेस, स्निग्धा, सुप्रिया शर्मा का योगदान सराहनीय रहा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर पारंपरिक खेलों का हुआ आयोजन

**मोरहाबादी मैदान में पुरुष - महिला वर्ग में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड खेल विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मैराथन दौड़ के साथ हुई। मोरहाबादी मैदान में पुरुष - महिला वर्ग में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ का आरंभ मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व हॉकी ओलंपियन मनोहर टोप्नो एवं प्रोजेक्ट पदाधिकारी ऋतुराज ने संयुक्त रूप से किया।

दूसरे सत्र का उद्घाटन सुबह साढ़े दस बजे खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशक संदीप कुमार,विशिष्ट अतिथि साझा के संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा एवं विभागीय उपनिदेशक मनीष कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार मौजूद रहे। मौके पर गेड़ी दौड़, गुलेल से निशाना, पारंपरिक धनुष से तीरंदाजी का आयोजन किया गया। जिसमें खूंटी, गुमला, रामगढ़ और रांची के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पुरस्कार वितरण का मंच संचालन विभाग के वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। पूरे प्रतियोगिता को सफल संचालन में विभागीय प्रशिक्षक तपन कुमार राउत,राजू साहू, हरीश कुमार, भरत शाह, गोपाल तिर्की, सुनील कुमार, कुश साहु, सोना राम चाम्पिया, नुपुर टोप्पो, मोहन साहू,डि सायसवरी, काली चरण महतो, अंगद हंसराज, प्रेम पूर्ति, अख्तर हुसैन, शाहिद अंसारी, गम्भीर कुमार,विनय क्षेत्रीय, फरजाना खातुन,मंदग तामंग ने बेखूबी से निभाया।

### खेल विभाग और खेल पत्रकार के बीच मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर के अवसर पर खेल विभाग और खेल पत्रकार के बीच मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। दोनों टीमों ने स्पोट्र्समैन स्पिरिट का परिचय दिया। फुटबॉल मैच के दौरान पत्रकारों अपने प्रदर्शन से दिल जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक झारखंड प्रशासनिक सेवा के संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के जिलाधिकारी, रांची आदित्य पाण्डेय,साझा के संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा, खेल पदाधिकारी टाटा समूह के श्रीमती आयुश सेरी, वॉलीबॉल प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह,अंशुता लकड़ा एवं जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने सभी विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम के सभी सदस्यों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

## एसएन प्रधान शनिवार को होंगे सेवानिवृत्त



**रांची।** झारखंड कैडर के तेज तर्रार 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी एसएन प्रधान दो दिन बाद 31 अगस्त (शनिवार) को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वह वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीजी हैं। 31 अगस्त को रिटायर होने के बाद उन्हें झारखंड पुलिस विदाई देगी। वहीं अगले पांच माह में झारखंड कैडर के चार और आईपीएस सेवानिवृत्त होंगे। इनमें अजय भटनागर 30 नवंबर 2024, पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह और मुरलीलाल मीणा जनवरी 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। अजय भटनागर फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

# सार्थक प्रयास

सरकार ने देश को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 11,000 करोड़ रुपये मूल्य का तिलहन मिशन शुरू करने की बात कही है। यह ऐसा कदम है जो बहुत पहले उठा लिया जाना चाहिए था। देश में सन 1990 के दशक से ही खाद्य तेल की कमी रही है जबकि यह व्यापक खपत वाला उत्पाद है। घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए यदाकदा प्रयास किए गए लेकिन उनमें कोई खास कामयाबी नहीं मिल सकी। ऐसा इसलिए हुआ कि मूल्य निर्धारण को लेकर सही नीतियां नहीं बनाई गईं। नीतियां अक्सर ऐसी बनीं जिन्होंने उपभोक्ताओं के हितों को ज्यादा तरजीह दी जबकि उत्पादकों के हितों की अनदेखी की गई। परिणामस्वरूप आपूर्ति की कमी में इजाफा जारी रहा और भारत खाद्य तेलों का आयात करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया। आज देश अपनी जरूरत का 70 फीसदी तेल आयात करता है। आयात के क्षेत्र की बात करें तो मूल्य के हिसाब से यह पेट्रोलियम उत्पादों के बाद दूसरा सबसे बड़ा आयात है। इस स्थिति को लंबे समय तक जारी नहीं रहने दिया जा सकता। इस आयात ने अब सभी पर असर डालना शुरू कर दिया है क्योंकि हाल के दिनों में मांग बढ़ने और आपूर्ति स्थिर रहने के कारण दुनिया भर में खाद्य तेल की कीमतों में इजाफा हुआ है।माना जा रहा है कि प्रस्तावित मिशन तिलहन उत्पादन में इजाफा लाएगा क्योंकि उत्पादकों को जरूरी कच्चा माल, तकनीक और जानकारी मुहैया कराई जाएगी। योजना के मुताबिक इसी खरीफ सत्र में किसानों को मूंगफली और सोयाबीन समेत विभिन्न तिलहनी फसलों की अधिक उत्पादन वाले और बीमारी तथा कीटाणुओं से बचाव की क्षमता रखने वाले बीजों के मिनी किट किसानों को उपलब्ध कराने की योजना है।

# विश्व शांति की राह

रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध में पश्चिमी शक्तियों की सक्रिय भागीदारी है। अमेरिका, ब्रिटेन आदि देश खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। जबकि भारत ने अपने पुराने मित्र रूस को ही यूक्रेन पर तरजीह दी है। 2023 के जी-20 सम्मेलन में यूक्रेन को आमंत्रित नहीं किया गया था, पिछले महीने जुलाई में यूएनजीए में यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमलों को रोकने के लिए वोटिंग से भारत ने दूरी बनाई। 2022 में सुरक्षा परिषद में यूक्रेनी इलाकों पर रूस के कब्जे और जनमत संग्रह के खिलाफ पारित प्रस्ताव से भी भारत दूर ही रहा था। पश्चिमी देशों और यूक्रेन की आपत्तियों के बावजूद रूस से तेल का आयात भारत ने जारी रखा है। ऐसे तमाम उदाहरण यह बताते हैं कि भारत और रूस की मित्रता पहले की तरह बनी हुई है और इस दौरान अगर भारत यूक्रेन के जख्मों पर भी मलहम लगा रहा है, तो इसका अर्थ यही है कि भारत हर हाल में विश्व शांति चाहता है। यूक्रेन भी शांति की बात करता है, लेकिन कीव की शर्तों पर, वहीं रूस भी किसी कीमत पर पीछे हटने तैयार नहीं है। यूक्रेन ने पहला शांति सम्मेलन स्विट्जरलैंड में किया था, जिसमें करीब 90 देशों ने भागीदारी की थी, लेकिन चीन इससे दूर रहा था। अब दूसरे सम्मेलन के लिए भारत के अलावा तुर्किए, सऊदी अरब, कतर और स्विट्जरलैंड से भी चर्चा चल रही है। शांति सम्मेलन इनमें से किसी भी देश में हो, महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें भारत अब किस तरह की भूमिका निभा सकता है और क्या इससे दो सालों से चल रहे युद्ध पर विराम लगेगा।
मोदी ने अपनी यूक्रेन यात्रा में भारत की विदेश नीति के अनुरूप विश्वशांति पर ही जोर दिया है, मोदी ने जेलेंस्की को भी गले लगाया और पुतिन को भी क्योंकि विश्व शांति के लिये यह जरूरी है।

# संवैधानिक मूल्यों पर आधारित हो राजनीति


**भले** ही चुनावों को लेकर औपचारिक प्रावधान बरकरार हैं लेकिन भारतीय लोकतंत्र राजनीतिक संस्कृति के एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। इस संकट में सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच के संवाद, एक विविधतापूर्ण समाज में बहुसंख्यकवाद की बढ़ती वैधता, मूल अधिकारों और कानून प्रवर्तन के प्रावधानों के प्रभाव को लेकर भरोसा कम होना, केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के अधिकारों के अतिक्रमण के साथ संघवाद का क्षय, विकास संबंधी नीतियों का चुनावी नतीजों को लक्ष्य कर बनाया जाना आदि बातें शामिल हैं।

भारतीय संविधान ने देश को धर्मनिरपेक्ष, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों वाला बनाया और इसकी वजह थी विभाजन के सांप्रदायिक आधार को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया। संविधान सभा की बहसों को पढ़ने से भी यह बात प्रमाणित होती है। नेहरू युग में इसका बचाव एक ऐसे नेता ने किया जो दिल से धर्मनिरपेक्ष था, संसदीय परंपरा की इज्जत करता था और लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका की भी। सच तो यह है कि सत्ताधारी दल स्वयं विविध हितों वाले लोगों का समूह था और इसलिए विचारधारा आधारित शासन रोकने में मदद मिली। आज जिस दल का सत्ता पर कब्जा है वह विचारधारा आधारित राजनीतिक शक्ति है। ऐसा नहीं है कि संसदीय परंपरा और विपक्ष का यह सम्मान नेहरू युग की खासियत रही। बहुत बाद में पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह देखने को मिला। परंतु इन दिनों विपक्ष और सरकार के साथ रिश्तों की जो स्थिति है और कानून तथा नीतियां बनाने के पहले मशविरों के न होने ने भी उस विश्वास को कमजोर किया है जिसके आधार पर एक लोकतांत्रिक सरकार काम करती है।

हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है एक धर्मनिरपेक्ष और उदार लोकतांत्रिक देश के रूप में हमारे भविष्य में आस्था बहाल करना और विविधता को लेकर व्यापक सहिष्णुता। यह बात संविधान की बुनियाद में अंतर्निहित है जिसके तहत सार्वभौमिक मताधिकार से शासन चलता है। इसका अर्थ है धर्म, जातीय पहचान, भाषा, लिंग और अन्य विविधता वाली बातों की भरपूर इज्जत करना।

सन 1940 के दशक में सार्वभौमिक मताधिकार के कारण समाज में समता की भावना पैदा हुई जबकि हमारा समाज ऐसा जहां पदसोपानिक असमानता सामाजिक ढांचे और व्यक्तिगत मनोविज्ञान में गहरे तक धंसी हुई है। इससे संबंधित निर्देश विभिन्न जिलों में पदस्थ सभी अफसरशाहों तक पहुंचाए गए कि ऐसी सार्वभौमिक मतदाता सूची तैयार की जाए। पहले से मौजूद मतदाता सूचियां प्रायः सार्वभौमिक नहीं होती थीं और समुदायों द्वारा तैयार की जाती थीं। अफसरशाहों ने इस आदेश को गंभीरता से लिया। उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए। सार्वभौमिक मताधिकार जैसा सिद्धांत तब कारगर नहीं है जब समाज के किसी एक समूह की वैचारिकी हावी हो। लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ा खतरा बहुसंख्यकवादी अधिनायकवाद है। इससे बचने के लिए हमें ऐसी राजनीतिक संस्कृति और मीडिया की जरूरत है जो लोगों के बीच विश्वास बढ़ाए।





- नितिन देसाई

> उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाये।

सबसे पहले इस बात को चिह्नित करना होगा कि हम सब समान हैं और एक व्यक्ति का एक मत है। भले ही बहुसंख्यक वर्ग को जीत हासिल हो लेकिन अल्पसंख्यकों को भी अपने मतांतर के बचाव और संरक्षण का पूरा अधिकार है। यह भरोसा एक सक्रिय लोकतंत्र में पैदा होता है। दूसरी बात, इससे आगे यह भी कहा जा सकता है कि हर व्यक्ति अपना नजरिया पेश करने को स्वतंत्र है। इसका व्यावहारिक उदाहरण है लोकतंत्र में अल्पसंख्यक नजरिये को अभिव्यक्त करना। तीसरा, चरण एक कदम आगे का है जहां कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि अगर मैं आपकी जगह रहूं तो ऐसा कहूंगा। ऐसी बातें एक लोकतांत्रिक देश में अल्पसंख्यकों के नजरिये को व्यवहार में जगह देती हैं। मिसाल के तौर पर विद्यालयों में माथे पर स्कार्फ लगाने की इजाजत देना। हमें आज ऐसी राजनीतिक संस्कृति की आवश्यकता है जिसमें सच्चाई, सम्मान, सभ्यता और संयम हों। यदि पुलिस कानून के बजाय अपने राजनीतिक आकाओं द्वारा तय नियमों का पालन करेगी तो ऐसा नहीं होगा। बहुसंख्यक वर्ग के निगरानी दस्ते अल्पसंख्यक प्रदर्शनकारियों को जिस प्रकार प्रताड़ित करते हैं और उन्हें जो बचाव प्राप्त है वह स्तब्ध करने वाला है। पुलिस की कार्यप्रणाली को निष्पक्ष बनाने के अलावा हमें गैर सरकारी संस्थानों के अहम तत्त्वों में भी नई ऊर्जा का संचार करना होगा ताकि लोग साथी नागरिकों के साथ नैतिक बंधन महसूस कर सकें।

देश में विविधता के सम्मान का एक अर्थ संघवाद का सम्मान करना भी होना चाहिए। संविधान में केंद्र सरकार शब्द का प्रयोग नहीं किया गया। इसके लिए संघीय सरकार का इस्तेमाल किया गया है जो संविधान में संघवाद पर जोर को उजागर करता है। संभवतः संघवाद का सबसे अहम पहलू जिसमें सुधार की जरूरत है वह है राज्यपालों की नियुक्ति। सरकारिया आयोग ने इसे लेकर कुछ अनुशंसाएं कीं लेकिन उनका पालन नहीं किया गया और हम एक ऐसी व्यवस्था में उलझ गए हैं जहां केंद्र सरकार अपने दल के वफादारों को राज्यपाल बनाकर राज्य सरकारों के कामकाज में बाधा डाल सकती है। परंतु ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां सुधार की जरूरत है। मसलन राज्य सूची के विषयों में केंद्र समर्थित योजनाओं का विस्तार।

इसकी वजहों में से एक वह विकास नीति भी है जो चुनावी लोकलुभावनवाद पर केंद्रित है। जो लोगों की पसंद के मुताबिक उन्हें घरेलू गैस, बिजली, खाने-पीने की वस्तुएं, स्वास्थ्य सेवा (खासकर मौजूदा कोविड महामारी जैसी आपात स्थितियों में) जैसी सुविधाएं देती है। इसमें कुछ भी अवांछित नहीं है और यह वह तरीका है जिसका इस्तेमाल अमीरों ने हमेशा अपने हितों के बचाव में किया है। अच्छी दीर्घकालिक कल्याण नीति एक कदम आगे की होगी।

## खास बात
### बंगाल में हिंसा

निधि सिंह

**कोलकाता** के आर जी कर सरकारी अस्पताल में हुए जघन्य अपराध को लेकर सियासत दिन ब दिन तेज होती जा रही है। मंगलवार को नबन्ना अभियान की शक्ल में सियासत का एक और रूप देखने मिला। नबन्ना भवन में प.बंगाल सरकार का सचिवालय है, जिसकी सबसे ऊपरी मंजिल पर मुख्यमंत्री का दफ्तर भी है। प.बंगाल छात्र समाज ने इसी भवन तक बलात्कार कांड के विरोध में रैली निकालने का आह्वान किया था, जिसे नबन्ना मार्च या नबन्ना अभियान नाम दिया गया। प्रत्यक्ष तौर पर इस अभियान में कोई राजनैतिक चेहरा नहीं था, लेकिन इसमें जिस तरह भाजपा ने समर्थन दिया और स्वयं राज्यपाल की तरफ से वीडियो संदेश जारी हुआ। उससे समझा जा सकता है कि यह सारा अभियान बलात्कार जैसे खौफनाक अपराध में पीड़िता और उसके परिजन को मिलने वाले इंसाफ से कहीं अधिक राजनैतिक लाभ हासिल करने की नीयत से छेड़ा गया था।

नबन्ना मार्च रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय के छात्र प्रबीर दास, कल्याणी विश्वविद्यालय के शुभंकर हलदर और सयान लाहिड़ी नामक छात्रों द्वारा बुलाया गया था, इन छात्रों का कहना है कि उनका राजनीति से लेना-देना नहीं है। हालांकि शुभंकर हलदर ने खुद ही कहा है कि वे आरएसएस से जुड़े हैं और उन्हें इस पर गर्व है। इस मार्च को पहले विपक्ष का समर्थन भी मिला था, लेकिन बाद में संघ के तार इससे जुड़ते देख कांग्रेस और वाममोर्चा दोनों ही इससे पीछे हट गए। छात्रों ने इस अभियान के लिए तीन मांगों को सामने रखा था, अभया के लिए न्याय, अपराधी के लिए मौत की सजा और ममता बनर्जी का इस्तीफा। यह अजीब बात है कि जब मामले की सुनवाई सीधे सुप्रीम कोर्ट ने ही करनी शुरू कर दी है, तब इस तरह की मांग को लेकर रैली निकालने का औचित्य क्या है। जहां तक सवाल ममता बनर्जी के इस्तीफे का है, तो फिर इसकी शुरूआत मणिपुर से होते हुए उत्तरप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड जैसे तमाम राज्यों में भी होनी चाहिए, क्योंकि यहां की बेटियों के साथ भी इसी तरह के अक्षम्य अपराध हुए हैं।

# विचारों का सम्मान

## विचार-प्रवाह

निशांत जैन

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रह: दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को अपने विरोधियों को परेशान करने,केस दर्ज करने,जेल भेजने की साज़िश रचने में महारथ हासिल है, मेरा फोन,मेरा आना-जाना तथा मेरे तथा परिवार पर हुए केस को सुप्रीम कोर्ट तक लड़ने में अभी तक झारखंड सरकार ने लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। **– निशिकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

खनन और खनिज आधारित उद्योगों से इतर झारखण्ड की असीम संभावनाओं व मानव संसाधन की बदौलत हम राज्य को आगे ले जाना चाहते हैं।
**– हेमंत सोरेन, सीएम**





गुजरात में बाढ़ की स्थिति दिन प्रतिदिन और भयंकर होती जा रही है। इस आपदा में जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, जिनकी संपत्ति का नुकसान हुआ है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।
**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

# प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन रोकने की जरूरत

ज्ञानेन्द्र रावत

**जलवायु** परिवर्तन की समस्या के समाधान की दिशा में नवम्बर 2021 में ग्लासगो में आहूत संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में किये जाने वाले क्षेत्रीय प्रयास सफलता में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। आईपीसीसी की हालिया रिपोर्ट भी इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि मानव गतिविधियां, पूर्व औद्यौगिक स्तर से वर्तमान में 1.0 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का प्रमुख कारण रही हैं। यदि यह इसी दर से बढ़ती रही तो 2030 से 2052 के बीच यह 1.5 डिग्री हो जायेगी।

इसके चलते भूमि और महासागरों के औसत तापमान में बढ़ोतरी होगी। कई क्षेत्रों में भारी वर्षा होगी, भयंकर सूखे के हालात पैदा होंगे, समुद्री जलस्तर बढ़ेगा, इससे तटीय समुद्री द्वीप व निचले तटीय देश सर्वाधिक प्रभावित होंगे और डेल्टाई क्षेत्र डूबने के कगार पर पहुंच जायेंगे। जैव विविधता की हानि होगी, जमीन की उर्वरा शक्ति प्रभावित होगी, प्रजातियों की विलुप्ति की दर में और समुद्री जल में अम्लता की दर में तेजी से बढ़ोतरी होगी। आर्कटिक की बर्फ पिघलने की दर तेजी से बढ़ेगी और मत्स्य पालन में भारी नुकसान होने की आशंका बलवती होगी। कोरल व मूंगा की चट्टानें के नष्ट होने की दर में बढ़ोतरी होगी। साल 2100 तक 1.5 डिग्री तक ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए 100 से 1000 गीगाटन के बीच कार्बन 6डाईआक्साइड को घटाना होगा।

असल में यह रिपोर्ट कृषि अपशिष्ट, कोयला खनन, मीथेन पर एक नये विज्ञान को समझने की बेहद जरूरत का खुलासा करती है। इसे अभी तक लगभग एक-चौथाई वैश्विक तापमान के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद नीति निमार्ताओं ने बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि वैश्विक तापमान वृद्धि से लम्बे समय से बचने का एक तरीका नवीकरणीय ऊर्जा की ओर जाना है।

यह कटु सत्य है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के आधे से अधिक उत्सर्जन के लिए जिम्मेवार है। इसे यदि वैश्विक आबादी के स्तर पर देखें तो यह वैश्विक आबादी के एक महत्वपूर्ण अनुपात के साथ दुनिया के सबसे अधिक तेजी से विकासशील क्षेत्रों में से एक है। गौरतलब यह है कि इसी क्षेत्र में ऐसे बहुतेरे छोटे-छोटे द्वीप हैं, जिनका अस्तित्व आज समुद्री जल स्तर में बढ़ोतरी के चलते खतरे में है। जलवायु सप्ताह के अंत में जापान के पर्यावरण मंत्रालय के उपमहानिदेशक सुश्री केइको सेगावा ने कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र को दुनिया के डिकार्बनाइजेशन के लिए एक प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए। आज जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव समूची दुनिया के लिए भीषण समस्या है। दरअसल जलवायु परिवर्तन आज एक ऐसी अनसुलझी पहेली है, जिससे हमारा देश ही नहीं, समूची दुनिया जूझ रही है। जलवायु परिवर्तन और इससे पारिस्थितिकी में आये बदलाव के चलते जो अप्रत्याशित घटनाएं सामने आ रही हैं, उसे देखते हुए इस बात की प्रबल संभावना है कि इस सदी के अंत तक धरती का काफी हद तक स्वरूप ही बदल जायेगा। इस विनाश के लिए जल, जंगल और जमीन का अति दोहन जिम्मेवार है। बढ़ते तापमान ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। वैश्विक तापमान में यदि इसी तरह बढ़ोतरी जारी रही तो इस बात की चेतावनी तो दुनिया के शोध अध्ययन बहुत पहले ही दे चुके हैं कि आने वाले समय में विश्व में 2005 में दक्षिण अमेरिका में तबाही मचाने वाले आये कैटरीना नामक तूफान से भी भयानक तूफान आयेंगे। सूखा और बाढ़ जैसी घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी। तापमान में बढ़ोतरी की रफ्तार इसी गति से जारी रही तो धरती का एक-चौथाई हिस्सा रेगिस्तान में तबदील हो जायेगा। दुनिया में भयंकर सूखा पड़ेगा। इससे दुनिया के 150 करोड़ लोग सीधे प्रभावित होंगे। इसका सीधा असर खाद्यान्न, प्राकृतिक संसाधन, और पेयजल पर पड़ेगा। अधिसंख्य आबादी वाले इलाके खाद्यान्न की समस्या के चलते खाली हो जायेंगे और बहुसंख्य आबादी ठंडे प्रदेशों की ओर कूच करने को बाध्य होगी।

## कार्टून वर्ल्ड




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### सुरक्षा को प्राथमिकता

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर खतरनाक होती जा रही है। लोगों की लापरवाही खतरे की घंटी से कम नहीं है। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथों को साबुन से धोना, नियम पालना हेतु मीडिया का सहारा लेना पड़ेगा। लोगों को अविलंब वैक्सीन लगवानी होगी। अर्थव्यवस्था की चिंता छोड़ जन-सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी नाजुक दौर का मुकाबला करने में सक्षम हो सकें। **– अनिल, रांची**

### सख्ती से पालना

**कोरोना** वायरस की रोकथाम के लिए टीकाकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। वायरस के दहशत के साये में जी लेने और टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद लोगों के मन से कोरोना का डर निकल गया। लोग कोरोना से बचाव के सारे नियम व सावधानियां भूल गये। अन्यथा इसका खमियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा। तीसरे लहर की आहस से देश सहमा हुआ है।

**– पूनम कश्यप, हजारीबाग**

# नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का देशविरोधी घोषणा पत्र

डॉ.आशीष वशिष्ठ

**जम्मू-कश्मीर** का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद पहली बार इस केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव करीब एक दशक के बाद होने जा रहे हैं। साल 2019 में केंद्र सरकार ने विशेष दर्जा खत्म कर जम्मू-कश्मीर को दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था। लद्दाख को भी अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जम्मू-कश्मीर में बीते दो दशकों में इस बार का चुनाव सबसे कम समय में कराया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के आखिरी चुनाव साल 2014 में हुए थे। साल 2018 में भाजपा और पीडीपी के गठबंधन वाली सरकार गिर गई थी। उस वक्त आपसी मतभेद के चलते भाजपा ने पीडीपी से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सरकार गिरने के बाद जम्मू-कश्मीर करीब छह साल तक केंद्र सरकार के शासन में रहा।




जम्मू-कश्मीर चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा-पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत-विरोधी लगते हैं। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनाव की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35-ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू-कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता-पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय-पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरूआत के साथ-साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकिस्तान परस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था। तो विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वादा कैसे कर सकती हैं? यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं। केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी गठबंधन इंडी की सरकार बन सकती है। हमने जम्मू-कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे।नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा-पत्र में कहा है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त-ए-सुलिमान' रखा जाएगा। और हरी पर्वत को कोह-ए-मरान लिखा था। इस सवाल को गृहमंत्री अमित शाह ने भी उठाया था और कांग्रेस से सवाल पूछा था कि क्या वह शंकराचार्य पर्वत की पहचान खत्म करने की साजिश को समर्थन करती है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस के कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं?नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में शंकराचार्य पर्वत को तख्त-ए-सुलेमान बताने पर कश्मीरी हिंदुओं में आक्रोश फूट पड़ा है और इसे संस्कृति और पहचान को खत्म करने की साजिश करार दिया है। शंकराचार्य पर्वत व हरि पर्वत कश्मीरी हिंदुओं की आस्था के प्रतीक हैं।

स्पीड न्यूज

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्पोर्ट्स दिवस पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने राजकीय मध्य विद्यालय भुरकुंडा में विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कुछ दिन पूर्व राजकीय मध्य विद्यालय भुरकुंडा में प्रखंड स्तरीय लॉन्ग जंप, हाई जंप आदि खेल-कूद प्रतियोगिता हुआ था। कक्षा 8 के पीयूष कुमार एवं सागर कुमार ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया था। लायंस क्लब के अध्यक्ष रेखा वर्णवाल व सचिव अंजू देवी ने 8वीं के सफल छात्र पीयूष कुमार और सागर कुमार को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। रेखा वर्णवाल एवं अंजू देवी ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी कॅरियर बनाया जा सकता है। वर्णवाल ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए आगे भी लायंस क्लब बच्चों को प्रोत्साहित करता रहेगा। समारोह को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जॉन चेयरपर्सन डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा व जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, विजयंत कुमार, मुन्ना एक्का मौजूद थे।

## घायल भाजपा नेता से मिले सांसद



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद कुशवाहा से मिलने दिगवार उनके आवास पहुंचे। उन्होंने विनोद प्रसाद कुशवाहा से हाल-चाल लिया। उन्होंने कुशवाहा को हर संभव मदद करने का आवश्वासन दिया। कुछ दिन पूर्व दिगवार फोरलेन सड़क पर सड़क दुर्घटना में वह घायल हो गये थे। उनका इलाज रांची स्थित मेडिका हॉस्पिटल में होने के बाद रेस्ट के लिए घर भेज दिया गया। जिसकी सूचना मिलने पर सांसद मिलने पहुंचे। मौके पर भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि, राजीव जायसवाल, अर्जुन कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, सुखदेव महतो आदि शामिल थे।

## परवरिश स्कूल में मना खेल दिवस



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल में गुरूवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मना। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य स्वास्थ्य और खेल के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। खेल से बच्चों और छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, चरित्र निर्माण और सीखने के मूल्यों सहित कई लाभ हो सकते हैं। जैसे खेल बच्चों को स्वस्थ हड्डियों और मांसपेशियों के निर्माण, फिटनेस बढ़ाने, नींद में सुधार और मोटापे के खतरे को कम करने में मदद होता है। वे शरीर में कोलेस्ट्रॉल और वसा को कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकते हैं। प्रधानाचार्य सुमेधा शर्मा ने छात्रों से खेल के सामान्य ज्ञान और विभिन्न खेलों के बारे में चर्चा की और उनके इतिहास, नियम, खिलाड़ी और घटनाएं पर बात की। मौके पर संगीता कुमारी, रश्मि कुजूर के देख रेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## आसिफ इकबाल ने कांग्रेस से मांगा टिकट



रामगढ़। कांग्रेस नेता और पार्टी के जिला महासचिव मो आसिफ इकबाल ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से रामगढ़ विधानसभा से दावेदारी पेश की है। इस संबंध में उन्होंने पार्टी के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान से मुलाकात कर अपना बायोडाटा उन्हें सौंपा है। इकबाल ने कहा कि वे वर्ष 1995 से सक्रिय राजनीति में हैं और लोगों के हित में अनेक कार्य किया है। बताया की उन्होंने अल्पसंख्यक महिलाओं और बच्चों के हित में कार्य किया है। साथ ही शहर के 8 वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाने में योगदान किया है। आसिफ ने बताया की उनपर थाना में किसी भी तरह का मामला दर्ज नही है और वे हर तरह से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने के योग्य हैं।

## कराटे और योग शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खेल दिवस के अवसर पर बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय कराटे एवं योग प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। शिविर का शुभारंभ खेल प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने हॉकी के जादुगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। कंचन दास ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ होने पर जोर दिया। इसके लिए खेलकूद और योग को महत्वपूर्ण बताया। कंचन दास के देखरेख में आयोजित शिविर में बच्चों ने कराटे में काता, कुमिते, फाइट एवं योग में सूर्य नमस्कार, सेतुबंधासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन आदि का योगाभ्यास कर इसके लाभों से अवगत हुए। सीनियर कराटेकार सृष्टि कुजूर एवं आस्था सिंह ने कराटे, योगासन और एथलेटिक्स में गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद आदि में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर में सृष्टि कुजूर, आस्था सिंह, स्मृति मुंडा, मयंक, मिहिर, शिवांश, श्रेयांश, विकास, जान्हवी, मो. अनीस, मो. नबील, मो. अजीज, मुस्कान, खुशी, सोनी, चित्रलेखा, भूमि, नीति व अन्य शामिल हुए।

# हजारीबाग झील की सफाई भगवान भरोसे

### झील किनारे फैली गंदगी से लोगों का जीना मुहाल : अभिमन्यु प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर की हृदयस्थली माना जानेवाला हजारीबाग झील की साफ-सफाई भगवान भरोसे है। तीज में कभी कोई संगठन या फिर कोई समाजसेवी झील की साफ सफाई करते हैं, लेकिन इसकी नियमित सफाई कभी नहीं होती। यहां सुबह व शाम को हजारों लोग वाक के लिए आते हैं। शुद्ध वायु व शुद्ध वातावरण की तलाश यहां आकर खत्म होती है। मगर अभी झील में फैली गंदगी और सड़ांध से निकलने वाले बदबू से लोग परेशान है।

समाजसेवी व भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि झील किनारे फैली गंदगी ने लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है। करोड़ो रुपये की लागत से झील की सफाई के लिए खरीदी गयी मशीन का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अब इसपर बैठकर लोग मछली मारते है। कहा कि हमेशा कोई का कोई विभाग सौंदर्यीकरण के नाम पर यहां काम करती है और करोड़ो रुपये खर्च करने का दावा करती है। लेकिन ये करोड़ो रुपये खर्च कहां किया जाता है ये दावा करने वाले अधिकारी हजारीबाग की जनता को दिखाने की कृपा करें।

भैया अभिमन्यु ने प्रशासन से कहा कि झील व आसपास के क्षेत्र को नो कंस्ट्रक्शन जोन बना दिया जाए। इससे बहुत बड़ी समस्या का हल हो जायेगा। साथ ही शीघ्र झील की सफाई कराया जाए ताकि इस झील के खूबसूरती बहाल हो सके और लोगो को गंदगी से निजात मिल सके। ज्ञात हो कि कैप्टन सिम्पसन के काल में 1855 से 1860 ई के बीच झील का निर्माण किया गया था। इस संबंध में यह भी कहा जाता है कि जब केंद्रीय कारागार का निर्माण किया जा रहा था तो झील स्थल से मिट्टी निकालकर ईट बनाया जाता था। इसके पीछे दो तर्क दिए जाते थे। एक यह कि जेल में पानी का आपूर्ति इसी झील से की जाती थी तथा दूसरा यह कि झील के पानी में जस्ता डाल दिया जाता था। जेल में बंद को इसका पानी पीने को दिया जाता था। अपने प्रारंभिक काल में वर्तमान झील तीन हिस्सों में बंटा था। अब यह कई हिस्सों में बंट गयी है। इस झील से यूरोपियन जेल तथा सेंट्रल जेल के अलावा सरकारी अधिकारियों के आवास में जलापूर्ति की जाती थी। पश्चिमी क्षेत्र में स्थित झील को सरकारी अधिकारियों के लिए सुरक्षित रखा गया था। लगभग 163 वर्ष पुराने झील की सुंदरता अब खराब हो रही है। बढ़ती आबादी के कारण इसके आसपास गंदगी फैलने लगी है। एक समय ऐसा था कि पूरी झील ही लुप्तप्राय होने के कगार पर पहुंच गयी, लेकिन तत्कालीन उपायुक्त दीपक कुमार, शैलेश कुमार सिंह, विनय चौबे समेत कई अधिकारियों के प्रयास से इसकी सफाई की गयी। जिससे इसकी स्थिति सुधरी लेकिन अब फिर से झील की सफाई के लिए भागीरथी प्रयास करना होगा।

# रामगढ़ में उच्चकों ने दिनदहाड़े झपटा चेन

### एक पुरुष और एक महिला के गले से दो बाइक सवारों ने छीना चेना

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। गुरुवार सुबह एक पुरुष और एक महिला के गले से भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से सोने के चेन उच्चकों ने झपटा। बाइक सवार दो उच्चकों ने घटना को अंजाम दिया और भाग निकले। पहली घटना शहर के ब्लॉक चौक नायक टोला मोड़ की है। पीड़ित महिला शैवालिनी ने बताया कि वो बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए खड़ी थी। उसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधी उनसे सोने की चेन छीन लिया और भाग गये। इस घटना के थोड़ी बाद बाइक सवार दो उचक्कों ने झंडा चौक के सामने होटल राज रसोई के मालिक अयोध्या प्रसाद कोयला लेने के लिए सड़क के किनारे कोयला बेचने वाले से बात कर रहे थे। उसी क्रम में बाइक पर सवार दो उचक्के पहुंचे और उनके गले से सोने की चेन छीन लिया और चट्टी बाजार की तरफ से भाग निकलं। अयोध्या प्रसाद जब तक कुछ समझ पाते उच्चके अपना कार्य कर भाग निकले। बताया जा रहा है की सीसीटीवी में बाइक सवार उचक्कों की तस्वीर कैद हुई है। लेकिन इन चोरों की तस्वीर साफ नहीं दिख रही है। मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पेट्रोलिंग पुलिस बाइक सवार युवको की तलाश कर रही है।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में खेल प्रतियोगिता



**हजारीबाग।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षक पवन कुमार की देख-रेख में विभिन्न खेल प्रतियोगिता की गई। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक वासिफ जहीर एहसान ने कहा कि खेल ही वह माध्यम है जिसके जरिए न सिर्फ स्वस्थ रहा जा सकता है बल्कि अनुशासन और दृढ़ता का पाठ भी सीखा जा सकता है। पवन कुमार ने कहा कि भारतीय खेलों में मेजर ध्यानचंद के योगदान को मान्यता देने के लिए उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इस दिन उनके असाधारण समर्पण, आत्म-अनुशासन और जुनून का जश्न मनाया जाता है, जो पूरे देश के एथलीटों व खिलाड़ियों को प्रेरित करता है। खोखो में बालक वर्ग सिद्धू कान्हू हॉउस विजेता जबकि उपविजेता फूलो झानो हॉउस, बालिका वर्ग में बिरसा मुंडा हाउस विजेता जबकि तिलका मांझी उपविजेता, कबड्डी में बालक वर्ग में विजेता बिरसा मुंडा हाउस उपविजेता सिद्धू कान्हु हाउस, कबड्डी में बालिका वर्ग में विजेता फूलो झानों हाउस, उपविजेता तिलका मांझी हाउस, कबड्डी में बालिका वर्ग में विजेता फूलो झानों हाउस, उपविजेता तिलका मांझी हाउस रहे। खेल प्रतियोगिता के आयोजन में टीजीटी शिक्षक रूपेश कुमार दास ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## कदवा चारमाइल में मिला अज्ञात शव

**बरही।** पदमा ओपी थाना अंतर्गत कदवा चारमाइल गांव के पास गुरुवार को एक अज्ञात शव मिला है। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पदमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से अपील की, लेकिन अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पदमा पुलिस ने मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित पहलुओं पर विचार कर रही है। गौरतलब है कि 21 जुलाई को भी इसी क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिला था, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने इलाके के लोगों को चिंतित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला से छेड़खानी करने वाला लैब टेक्नीशियन सैफ गिरफ्तार

खबरमन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बरकट्ठा के सामुदायिक केंद्र में एक महिला के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि लैब टेक्नीशियन ने अल्ट्रासाउंड करने के बहाने उसके साथ छेड़खानी की। वह महिला को पकड़कर जबरन उपरी मंजिल पर ले जा रहा था। जब महिला ने शोर मचाया तो वहां भीड़ जमा हो गई। इसके बाद महिला के परिजनों ने बवाल किया। जिसके बाद बरकट्ठा और गोरहर की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। युवती ने थाने में लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लैब टेक्नीशियन को गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम मोहम्मद सैफ है। जो खिरगांव का रहने वाला है। पीड़िता ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वह अपने पति के साथ बुधवार को बरकट्ठा के सामुदायिक केंद्र इलाज करवाने पहुंची थी। उसे बुखार, खांसी था। साथ में चक्कर भी आ रहा था। महिला ने बताया कि डॉक्टर से चेकअप के बाद खून टेस्ट के लिए भेजा गया था। जांच के लिए महिला सीएची के लैब टेक्नीशियन के पास गई। जिसके बाद वह खून जांच नहीं कर अल्ट्रासाउंड कराने के बहाने गलत इरादे से ऊपरी तल्ली पर जबरन हाथ पकड़कर ले जाने लगा। महिला ने बताया कि इसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया तो उसका पति और बाकी लोग जमा हो गये। महिला के शोर मचाने के बाद लोग जमकर बवाल करने लगे। भीड़ देखकर आरोपी फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस पहुंची और आरोपी को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि लैब टेक्नीशियन पर छेड़खानी का आरोप लगा है। सीएस को इस बात से अवगत कराया जाएगा। साथ की कार्रवाई की मांग की जाएगी। जानकारी के अनुसार लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति डीएमएफटी योजना के तहत हुई थी।

## अडाणी फॉउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों को दिया पोषण किट




**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच बुधवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि अडाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता, एग्जीक्यूटिव अधिकारी शरद मिश्र, तारकेश्वर शर्मा आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मना श्री गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाशोत्सव

- निशान साहिब की सेवा और सुखमणि साहब का पाठ
- सबद-कीर्तन और गुरू के अटूट लंगर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेन रोड भुरकुंडा स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा में गुरूवार को धूमधाम के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुबह में निशान साहिब की सेवा, सुखमणि साहब का पाठ और सबद कीर्तन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। तत्पश्चात अरदास के बाद गुरु के अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, परमजीत सिंह धामी, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, रिन्कु धामी, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रित सिंह, संदीप सिंह, गुसदीप सिंह रंधावा, सोनू सोनू सिंह, सिंह, पीयूष सिंह, अग्रज सिंह, वशवंत सिह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, जसवीर कौर, अनिता कौर, संगीता कौर, ज्या कौर, जसमित कौर, रेखा कौर, सस्वजीत कौर, अमरजीत कौर, दलविन्दर कौर रिंकी कौर, राज कौर, हरभजन कौर, शीतल कौर, अमृता कौर, सविन्दर कौर, राजरानी कौर, रतन कौर, करम कौर, कमलेश कौर, पूनम कौर आदि का विशेष योगदान रहा।





एक नजर में

## खेलकूद सिखाता है टीमवर्क : विवेक प्रधान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर शिक्षकों ने माल्यार्पण किया। खेल दिवस पर स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिता वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, शतरंज, दौड़ आदि का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने इन खेलों में दमदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में लड़कियों के वर्ग में बिरसा मुंडा हाउस ने आरएन टैगोर हाउस को पराजित कर फाइनल जीता। जबकि लड़कों के वॉलीबॉल में आरएन टैगोर ने मदर टेरेसा हाउस को हराकर खिताब जीता। प्राचार्य विवेक प्रधान ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ होने पर जोर दिया। इसके लिए खेलकूद और योग को महत्वपूर्ण बताया।

## झरपो में वज्रपात से दुर्गा मंडप का छज्जा टूटा



**टाटीझरिया।** जाको राखे साइयां मार सके ना कोई ,बाल ना बांका कर सके मार सके ना कोई कुछ पुरानी करवाते झरपो बुधबाजार परिसर में देखा गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने कहा कि माता दुर्गा की आसिम कृपा भक्त जनों पर देखा गया बुधवार के दिन हजारों की संख्या में टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो , भराजो,खैरा,नारायणपुर, डूमर,धर्मपुर, बेडम,टाटीझरिया आठों पंचायत के कई गांवों और टाटीझरिया प्रखंड से सटे दारू, इचाक, विष्णुगढ़ प्रखंड के जरगा, टटगांव, लुंदरू,बसरिया , मेढकुरी, बासोबैर, पेटो,देवरिया,पुनाई , करियातपुर, मुरगावो,कुरहा,गांव से किसान व्यापारी सब्जी की खरीद बिक्री करने आते है। जहां वर्षा होने पर दुर्गा मंडप में निकाली गई छत के छज्जा नीचे ही अपना बचाव करते थे। उक्त स्थल पर बुधवार को शाम 4 बजे आचनक घनघोर वर्षा होते हुए टीम टिमाता हुआ वज्रपात हुआ जिससे सिर्फ दुर्गा मंडप का ही छज्जा टूटा।

## कांग्रेस नेता धनेश्वर मांझी का निधन



**कुजू।** कांग्रेस नेता सह तोपा परियोजना के सेल संचालक समिति अध्यक्ष धनेश्वर मांझी का अकास्मिक निधन बुधवार रात उनके आवास तोपा स्थित बी टाइप क्वार्टर में हो गया। परिजनों ने बताया कि धनेश्वर मांझी पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार तिलहनियागढा मानवजरा श्मशान घाट में किया गया। जहां मुखाग्नि छोटे पुत्र गुरु चरण बेसरा ने दिया। निधन की खबर सुनकर गुरूवार की सुबह उनके आवास पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, सीसीएल प्रबंधन, श्रमिक यूनियन नेता, जन प्रतिनिधि, सेल समिति के लोग पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। अंतिम संस्कार में कुमार महेश सिंह, आजसू नेता तिवारी महतो, बूटी तिवारी, रामभजनलाल महतो, धर्मराज राम, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, कुंवर महतो, गुप्तेश्वर करमाली आदि शामिल थे।

## बरका खुर्द शिव मंदिर में अखंड कीर्तन

इचाक। ग्राम बड़का खुर्द के शिव मंदिर के प्रांगण में होम गार्डों के चिर प्रतिक्षित मांग हाई कोर्ट के जजमेंट से पूरी हुई मांग से खुश होकर ग्राम बड़का खुर्द के दर्जनों होमगार्ड के द्वारा 24 घंटे का अखंड कीर्तन आज से प्रारंभ की गई। अखंड कीर्तन का शुभारंभ पप्पू मिश्रा के मंत्र उच्चारण से हुई। पुजारी के रूप में बालेश्वर महतो पत्नी भी बिजुलवा देवी जगदीश महतो पत्नी रेशमी देवी नारायण महतो पत्नी सारो देवी टेक नारायण मेहता पत्नी मीना देवी भरत मेहता पत्नी तारो देवी डॉ रामचंद्र मेहता एवं भुनेश्वर महतो शामिल थे। कीर्तन करवाने में अन्य होम गाड्र्स जैसे बंगाली महतो महावीर महतो बंसी प्रजापति दुलारचंद मेहता समेत अन्य होम गाड्र्स के सौजन्य से किया गया।

## सांसद के सौजन्य से राशन सामग्री वितरित

**बड़कागांव।** तुरी मुहल्ला निवासी सन्नी कुमार के पिता रामगति तूरी के निधन हो जाने के बाद उनके परिजनों को भाजपा कार्यकर्ता सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से श्राद्ध कार्यक्रम करने के लिए राशन का सहयोग किया गया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, विधानसभा प्रभारी उपेंद्र कुशवाहा, सत्यजीत विद्या अलंकार, सुभाष ठाकुर, मेवालाल नाग ,अवध किशोर कुमार ,उदय कुमार उपस्थित थे।

## विधायक ने किया तीन ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

बरही। बरही प्रखंड के विकास के लिए लगातार प्रयासरत विधायक उमाशंकर अकेला ने क्षेत्र के तीन प्रमुख गांवों में नए ट्रांसफार्मरों का उद्घाटन कर बिजली आपूर्ति में सुधार का नया अध्याय लिखा। विधायक श्री अकेला ने करसो गांव में 200 केवीए, हरला गांव में 100 केवीए और कोयली गांव में 200 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों का विधिवत उद्घाटन किया। जिससे इन गांवों में बिजली की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। अकेला ने कहा कि इन नए ट्रांसफार्मर के लग जाने से गांवों में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि करसो, हरला और कोयली गांवों में बिजली की समस्या बनी हुई थी, जिसे दूर करने के लिए उनके प्रयास से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। इन गांव के निवासियों को अब पर्याप्त वोल्टेज पर बिजली प्राप्त होगी, जिससे कृषि, शिक्षा, और घरेलू कार्यों में सुगमता आएगी।

## अम्बा प्रसाद की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

बड़कागांव। प्रखंड के डाड़ीकला के कुँआ टोला के ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक लोड बढ़ने के कारण कुछ दिनों से ग्रामीण बिजली की समस्या से जूझ रहे थे ट्रांसफार्मर की खराबी की वजह से बिजली बहाल होने में काफी दिक्कत हो रही थी। ऐसे में ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को इन समस्याओं से अवगत कराया। मामले को संज्ञान में लेते हुए तुरंत विभाग को फोन कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया था। विधायक के प्रयास से ग्रामीणों को 200 केबीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। विधायक क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी बिजली संबंधित व ट्रांसफार्मर जलने की घटना होती है तो वह उनकी सूचना हम तक पहुंचाएं, उनके समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय ने कबड्डी में मारी बाजी



**बरही।** खेलो झारखंड 2024 के प्रखंड स्तरीय मुकाबलों में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर ने अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका दोनों वर्गों में जीत दर्ज की।विद्यालय अब जिला स्तर पर बरही प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. सुनील यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय खेल शिक्षक विजय दास और पूरे विद्यालय परिवार को दिया। इसके अलावा, ज़िला परिषद सदस्य मंजू देवी, समाजसेवी गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, परमेश्वर यादव, समाजसेवी अरुण सिंह, प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश सिंह, श्याम राम, अध्यक्ष हरिताभ यादव, और सदस्य नरेश यादव ने भी टीम को बधाई दी।

स्पीड न्यूज

## खखरा में लगा 200 केवीए का ट्रांसफारमर



**ढाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के खखरा गांव में गुरुवार को 200 केवीए के नये ट्रांसफर्मर का उदघाटन किया गया। उदघाटन भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम, मुखिया दशरथ उरांव ने किया। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरा लक्ष्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांके विधानसभा क्षेत्र में बिजली के सभी समस्याओं को दूर किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार के तुष्टीकरण नीतियों से राज्य की जनता त्रस्त हो चुकी है। विदित हो कि खखरा गांव में लगा पुराना ट्रांसफर्मर पंद्रह दिनों पूर्व जल गया था। मौके पर रामलखन महतो, पूर्व मुखिया रेणु तिर्की, कयूम अंसारी, जगदीश महतो, मनेश महतो मौजूद थे।

## लगातार बारिश से घर गिरा, मुआवजे की मांग



**खलारी।** तुमांग पंचायत अंतर्गत करकट्टा के स्व जगरनाथ राम की पत्नी शांति देवी का मिट्टी का घर बारिश से गिर गया। जब घर गिरा उस समय देवी घर के अंदर वाले रूम में थे। हालांकि उनको कोई चोट नहीं पहुंचा है। वहीं घर गिर जाने से पीड़ित महिला के समक्ष काफी परेशानी बढ़ गई है। उन्हें सिर छुपाना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में शांति देवी ने बताया कि बीते कुछ दिन पहले तेज बारिश से कच्चे मकान को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले अगस्त माह की शुरूआत में भी मकान एक हिस्सा गिर गया था। बताया कि एक दुकान भी था, वो भी पिछले वर्ष गिर गया। अकेली वृद्ध महिला होने के कारण कहीं से कोई सरकारी सहयोग नहीं ले पायी। उन्होंने राज्य सरकार से प्राकृतिक आपदा नुकसान के तहत मुआवजा की मांग की है। वहीं स्थानीय मुखिया से भी मदद की गुहार लगायी है।

## 20 दिनों के बाद साहेदा गांव में पहुंची बिजली

**सिकिदिरी।** प्रखंड के साहेदा नीचे टोली विगत 15 दिनों से अंधेरे में डूबा था। गुरुवार को गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को बरसात के मौसम में परेशानी हो रही थी। जेबीकेएसएस के केंद्रीय सचिव सुमित महतो के प्रयास से ट्रांसफार्मर को बदला गया है।

## 14 टीमों के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**अनगड़ा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के सौजन्य से गेतलसूद मैंदान में गुरुवार को दो दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें छह पंचायत के 14 फूटबॉल टीमों ने भाग लिया उद्घघाटन मैच बीसा और बेती के बीच खेला गया जिसमें बीसा की टीम एक गोल से विजय रहा फूटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने अपने कहा कि खेलेगा युवा बढ़ेगा युवा उन्होंने कहा कि खिजरी विधान सभा क्षेत्र में आजसू पार्टी पढ़ाई एवं खेल के प्रति अग्रसर है युवाओं को खेल के माध्यम से संभावित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने और आगे बढाने के उद्देश्य से आजसू पार्टी के द्वारा राज्य भर में इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है।

# किसानों की समस्याओं का जल्द होगा समाधान : मंत्री

**मांडर-बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज जल्द होंगे चालू**

**निरीक्षण**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** झारखंड सरकार में कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय ने गुरुवार को प्रखंड के बूढ़ाखोखरा स्थित अर्धनिर्मित कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया। साथ में स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद थी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा। मांडर एवं बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज को जल्द ही चालू करने का प्रयास किया जायेगा। कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संवेदक से बातचीत की और सभी तकनीकी समस्याओं की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जल्द ही समाधान के बाद निर्माण कार्यों को पूरा किया जायेगा। इस्से पूर्व दौरे के क्रम में दीपिका पाण्डेय मांडर पहुंची जहां मांडर चौक से कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उनके साथ मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी थी। जिन्होंने कहा अब मांडर विधानसभा के किसानों का इन्तेजार खत्म होगा जल्द ही कोल्ड स्टोरेज का लाभ मिलेगा।

### अब तक हो चुका है तीन मंत्रियों का दौरा

कोल्ड स्टोर की आधारशीला झारखंड के एनडीए सरकार की वर्तमान कृषि एवं सहकारिता मंत्री रणधीर कुमार सिंह के हाथों 7 मार्च 2018 को रखी गई थी कार्य पूर्ण नहीं होने जेएमएम गठबंदन सरकार में बर्तमान कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और फिर बर्तमान कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय निमार्णाधीन कोल्ड स्टोरेज पहुंची जिन्होंने जल्द कार्यपूर्ण कर किसान को लाभ पहुँचाने की बात कही। ईस मौके पर अल्पसंख्यक ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रखण्ड अधक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आबिद अंसारी, तबारक खान, शमसुल अंसारी, अबुजर अंसारी, फारुक खान मौजूद थे।

### बेड़ो का कोल्ड स्टोरेज जल्द होगा चालू

**बेड़ो।** कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के साथ गुरुवार को प्रखंड का दौरा कीं। जहां कृषि मंत्री का स्वागत केशा मोड़ पर कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ देकर किया। वही केशा मोड़ पर उन्होंने एक निजी कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था को देखी। तत्पश्चात बाजार टांड पहुंची जहां उन्होंने बंद पड़ी वेजफेड के द्वारा संचालित कोल्ड स्टोरेज का भी निरीक्षण कीं। जहां वर्तमान में देख रेख व रख रखाव के अभाव में इसे बंद पड़ीं कोल्डस्टोरेज को देख कर मंत्री श्रीमती पाण्डेय ने कहा है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्थित किसानों से जुड़ी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि बेड़ो के सरकारी कोल्ड स्टोरेज को बहुत जल्द ही चालू किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि वह, बेड़ो, ईटकी, लापुंग मांडर व चान्हो क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का अविलंब समाधान करें। श्रीमती तिर्की ने कृषि मंत्री को जानकारी दी कि प्राकृतिक आपदाओं के साथ अन्य समस्याओं से भी यहां के किसानों विशेषकर महिला किसानों को जूझना पड़ रहा है।

## रातू के नये थानेदार ने पदभार संभाला

### अपराध नियंत्रण प्राथमिकता : आरएन सिंह

- 2012 बैच के हैं दारोगा
- मांडर में थे थाना प्रभारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाने में 12 वें पुलिस निरीक्षक के तौर पर थानेदार रामनारायण सिंह ने गुरुवार की सुबह योगदान दिया। उन्होंने शशिभूषण चौधरी का स्थान लिया। जबकि, श्री चौधरी मांडर अंचल के पुलिस निरीक्षक बनाये गये हैं। उनका कार्यकाल 6 माह 17 दिनों का रहा। 2012 बैच के दारोगा श्री सिंह मांडर और नगड़ी के थाना प्रभारी रह चुके हैं। इससे पूर्व वह विष्णुगढ़ के थानेदार थे। एक सप्ताह पूर्व जिला स्थानांतरित होकर रांची आये आरएन सिंह पुलिस केंद्र में पोस्टिंग की प्रतीक्षा में थे। प्रभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित वारंट का निष्पादन और पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसमें पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक और राजनीतिक दल के कार्यकर्ता व प्रबुद्ध नागरिकों से अपेक्षित सहयोग की जरूरत है। इससे संगठित अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### कांडों का लिया जायजा

थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। उन्होंने बैठक कर दर्ज कांडों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। श्री सिंह ने थाना आने वाले विक्टिम से फरियाद सुन उन्हें संतुष्ट करने तथा टीम भावना से काम करने पर विशेष जोर दिया। इससे पूर्व रातू समेत मांडर व नगड़ी के दर्जनों लोगों ने उनसे मुलाकात कर न केवल बधाई दी बल्कि, पुष्प गुच्छ भी भेंट किये।

## बॉलीबॉल में अतुल कुमार की टीम चैंपियन

### समर्पणदीप बीएड कॉलेज में मना राष्ट्रीय खेल दिवस

- विक्रम को मिला दूसरा स्थान
- कैरम में जीते निशांत व ज्योति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के उषामातु स्थित समर्पणदीप बीएड कॉलेज में गुरुवार को खेल दिवस पर वॉलीबॉल और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। वॉलीबॉल में अतुल की टीम ने चैंपियनशिप जीत ली। विक्रम की टीम दूसरे स्थान पर रही। कैरम पुरुष में निशांत और महिला में ज्योति कुमारी ने बाजी मारी। बोर्ड के सदस्य जितेंद्र प्रसाद की ओर से उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया।




### इन्होंने निभायी भूमिका

खेल प्रभारी डॉ सजीत महतो, चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव एनके गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकाश पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्यों में जितेंद्र प्रसाद ,शैलेंद्र सिंह, विशाल सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ दशरथ महतो, डॉ आनंद भगत, डॉ शशि कुमारी तिर्की, अच्युतानंद मिश्रा, डॉ कन्हैया लाल केशरी, शालिनी सिन्हा, ऋतु जया केरकेट्टा, कन्हाई महतो, दिनेश महतो, अनिल साहु, सत्यभामा देवी, शिवराज भगत, कमलेश व पैरो आदि।

## ओरमांझी : इंद मेला के लिए वर्तमान समिति को फिर से मिली जिम्मेवारी

**ओरमांझी।** इंद्र पूजा समिति गांगुटोली ओरमांझी की एक बैठक गुरूवार को रामजानकी मंदिर गांगुटोली में हुई। पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में 16 सितंबर को इंद्र पूजा व मेला का आयोजन धूमधाम करने का निर्णय लिया गया। मेला में बच्चों के विभिन्न प्राकर के झुले के अलावे झारखंड के नागपुरी कलाकारों के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन के लिए वर्तमान कमिटि को पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है। जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने बताया इंद्र पूजा एक ऐतिहासिक मेला है। पूरे क्षेत्र में अच्छी वर्षा व खेती हो और सभी किसान समृद्धि हों, इंद्र भगवान का कृपा सभी पर बनी रहे।

### बैठक में थे मौजूद

बैठक में पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गाशंकर साहू, इंद्र मेला समिति के सचिव नोना पाहन, कोषाध्यक्ष सतीष साहू, दशरथ पाहन, उपाध्यक्ष सुनील मुंडा, अरूण साहू, राजु मुंडा, राजेश मुंडा, रामधिरण मुंडा, भुषण साहू, षिवा मुंडा, आकाश मुंडा, अर्जुन मुंडा, अशोक साहू, दिनेश कुमार, सचिन साहू, रोहन साहू, प्रदीप साहू, कविश्वर मुंडा, रामेश्वर साहू, भानु साहू, सुरेश साहू, सुरेश मुंडा, गोपाल मुंडा, सोमा मुंडा, सुखनाथ करमाली, महाबीर साहू, राकेश मुंडा, विक्की मुंडा, बिनोद मुंडा, पुरेंद्र साहू, रमेश मुंडा, दासो मुंडा, दीपक मुंडा मौजूद थे।

## एक नजर में

### स्कूली बच्चे-बच्चियों ने बिखेरी कला की छटा




**खेल दिवस पर डायट में कई कार्यक्रम**

रातू। प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में खेल दिवस का आयोजन किया गया। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह डायट की प्राचार्य दीप्ति कुमारी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं हुयी। इसमें जिले भर से सरकारी विद्यालयों के बच्चे-बच्चियों ने हिस्सा लिया और कला की छटा बिखेरी। रस्सी कूद, कैरम वोर्ड, टेबल-टेनिस व योगा आदि के निर्णायक मंडली में जफर इमाम, मो जावेद अंसारी, जगजीत सिंह व विशाल रवि ने प्रतिभागियों को कप और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शिक्षक-शिक्षिकायें भी पारितोषिक के हकदार बने। कार्यक्रम को सफल बनाने में डाइट के सभी संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मौके पर सोनाली मिंज, नूतन मिंज, संगीता रानी, डॉ प्रियंका, मनुशेषाद्रि व नीता कुमारी आदि मौजूद थे।

### नामकुम : डाककर्मियों के प्रमाण पत्र सत्यापन में फर्जीवाड़ा, मामला दर्ज

**नामकुम।** जैक में प्रमाणपत्र सत्यापन कार्य में फर्जीवाड़ा का मामला प्रकाष में आया है। मामले में जैक की ओर से नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में बताया गया है कि डाक घर मिदनापुर द्वारा डाक विभाग में नियुक्त दस कर्मियों के प्रमाण पत्र सत्यापन कराने का आनुरोध किया गया था। जैक द्वारा 16 दिसंबर को ईमेल द्वारा तथा डाक के माध्यम से सत्यापन की कापी मिदनापुर भेज दी गयी। जिसके बाद डाक आधीक्षक मिदनापुर द्वारा जैक कार्यालय को पत्र भेजकर बताया गया कि 16 दिसंबर को ईमेल द्वारा भेजी गयी रिपोर्ट तथा डाक द्वारा भेजी गई हार्ड कापी रिपोर्ट अलग अलग है। जिसके बाद जैक द्वारा 7 फरवरी को जांच दल गठित किया गया। जैक द्वारा पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि दिसंबर 2023 में जैक की डायरी शाखा में प्रभारी के रूप में गुलाम हैदर, सहायककर्मी के रूप में माहेश्वर स्वांसी, वीणा कच्छप, शैव्या खातून, फुलमणी एक्का कार्यरत थे।

## बेड़ो में दुकानदार से 40 हजार की साइबर ठगी, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** साइबर अपराधियों के नए-नए हथकंडे अपना कर लोगों से ठगी करने का मामला रुक ही नहीं रहा है। एक ऐसा ही मामला गुरुवार को बेड़ो में हुई, जहां बेड़ो के प्रतिष्ठित व्यवसाय संजय इलेक्ट्रॉनिक के संचालक जितेंद्र प्रसाद गुप्ता उर्फ जीतू और बेड़ो बैंक आफ इंडिया के सामने गली में बाबा कैफे के संचालक अभिषेक कुमार के साथ साइबर अपराधी ने 39600 की ठगी कर ली। घटना के बाद दोनों प्रतिष्ठान के जितेंद्र प्रसाद गुप्ता उर्फ जीतू और अभिषेक कुमार ऑनलाइन हुई ठगी के बाद बेड़ो थाना पहुंचे और मामला की जानकारी थाना को दिया। घटना के संदर्भ में संजय इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक जितेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मोबाइल नंबर +919870547275 से मुझे फोन आया और बोला मैं पुरियो से दीपक बोल रहा हूं। मुझे इनवर्टर बैट्री इत्यादि समान लेनी है। मेरे परिवार वाले जाएंगे तो उन्हें सामान दे दीजिएगा मैं आपको समान का बिल ऑनलाइन के माध्यम से कर दूंगा आप मुझे अपना फोन-पे नंबर दे। इसके बाद हम इनवर्टर बैटरी का रेट 19800 का बिल उन्हें बात दिए। बाद साइबर ठग ने दुकानदार को गुमराह करते हुए 19800 अपने फोन-पे नंबर में डलवा लिया।

## 123 विद्यार्थियों को मिली साइकिल

**साइकिल वितरण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड कार्यालय परिसर ओरमांझी में गुरूवार को एक कार्यक्रम आयोतिज कर प्रखंड क्षेत्र के विभिनन स्कूल के 123 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। कल्याण विभा द्वारा मिले साइकिल से सुदूर गांव से पैदल स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा होगी। बीडीओ विजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपप्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य सरिता देवी कमिश्नर मुंडा आदि अतिथियों द्वारा बच्चों को साइकिल दी गई। वहीं साइकिल मिलने से बच्चें भी काफी खुश दिखें। कार्यक्रम में बीडीओ के साथ मुख्य रूप से बीइओ सीमा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, तौहीद आलम, हरिमोहन महतो, तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू, रमेष उरांव, परमेश्वर भोक्ता, रशीद अंसारी नरेश यादव, सफीउल्लाह अंसारी, अनीता सिंह, स्कूल के छात्र-छात्राएं शिक्षक गण छात्र-छात्राएं व अभिभावक के साथ प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।



ओरमांझी में साइकिल के साथ खुश छात्र-छात्राएं।

### सावना लकड़ा की पत्नी और नाती ने पेश की खिजरी से चुनाव लड़ने की दावेदारी



**नामकुम।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता सह पूर्व मंत्री स्व सावना लकडा की धर्मपत्नी सीता लकड़ा ने अपनी दावेदारी पेश कर दी। श्रीमती लकड़ा ने जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यालय में अपना आवेदन सौंपा। साथ ही स्व लकड़ा के नाती एवं नामकुम उत्तरी से जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो ने भी अपना आवेदन सौंप कर चुनाव लड़ने की इच्छा जतायी है। नानी और नाती एक साथ एक ही गाड़ी से पार्टी कार्यालय पहुंचे और अपना अपना आवेदन सौंपा। अभी वर्तमान में खिजरी से कांग्रेस के राजेश कच्छप विधायक हैं। श्री कच्छप को स्व सावना लकड़ा का करीबी माना जाता है। गत चुनाव में सीता लकड़ा और विपिन टोप्पो ने उनके लिए वोट मांगा था। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रवक्ता शतीस पाल मुंजनी, कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो आदि मौजूद थे।

## करम महोत्सव को लेकर आदिवासी समाज उत्साहित

**प्रकृति पर्व करमा पूजा 14 सितंबर को तैयारी शुरू**

- सजाये जायेंगे अखरा स्थल, महिलाएं 8 को रखेंगी जावा

शेख मुजिबुल



**रातू।** प्रकृति पर्व करमा पूजा 14 सितंबर को होगी। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। अखरा स्थल की साफ-सफाई की जा रही है। 13 को इसे आकर्षक ढंग से सजाया जायेगा। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट भी की जायेगी। हाई स्कूल मैदान में 11 तथा 12 को प्रखंड परिसर में करम पूर्व संध्या समारोह आयोजित किये जायेंगे। महोत्सव को लेकर आदिवासी युवक-युवती अभी से ही उत्साहित हैं। पाहन के मुताबिक, 8 सितंबर को महिलाएं बांस निर्मित डलिया में धान, मकई और गेहूं का जावा रखेंगी। इसके छठे दिन वह भाइयों की दीघार्यु की कामना पर आधारित निर्जला उपवास करेंगी। इसी दिन युवकों की टीम जंगल से करम वृक्ष की डाली लेकर लायेंगे।

### डाली का होगा स्वागत

गांव के करम खेलवा में डाली का स्वागत किया जायेगा। अखरा में उसे स्थापित कर पूजा-अर्चना की जायेगी। पाहन से कर्मा-धर्मा की कथा सुनने के बाद व्रतधारी बहनें फलाहार करेंगी। रात 10 बजे से सुबह तक गीत-नृत्य का दौर चलेगा। 15 की शाम विसर्जन के साथ ही पूजा का समापन होगा।

### मूलवासी सदान मोर्चा ने सांसद निशिकांत का पुतला फूंका

**रातू।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने पर मोर्चा जनों ने गुरुवार को काठीटांड़ चौक में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की। प्रखंड अध्यक्ष मुरारी गुप्ता ने कहा कि बड़बोलेपन को लेकर सुर्खियों में रहने वाले दुबे से भाजपा को विस चुनाव में संभावित नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता है। श्री गुप्ता ने कहा कि सांसद ने तेली, दलित, ओबीसी व आदिवासियों को इंगित कर राजेन्द्र प्रसाद पर टिप्पणी कर पूरे सदान का अपमान किया है।

## इटकी : अखाड़े में खिलाड़ियों ने किया हैरतअंगेज प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी में गुरुवार को सेंट्रल मुहर्रम कमेटी व मोहर्रम समन्वय कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में चेहल्लुम का भव्य जुलूस निकाला गया और अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न अखाड़े के खिलाड़ियों ने अस्त्र शस्त्र चालन का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए। चेहल्लुम जुलूस में दर्जनों अखाड़ा के हजारों लोगों ने भाग लिया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए इटकी बाजार परिसर स्थित प्रतियोगिता स्थल पहुंची। जहां विभिन्न अखाड़े के खिलाडि?ों ने अस्त्र शस्त्र चालन का एक से बढ़कर एक करतब का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उदघाटन बेड़ो डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर व हिंदू जागरण समिति के अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से तलवार भांजकर किया। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार मदरसा चौक उदरंगी को दिया गया। द्वितीय कर्बला चौक उदरंगी व तृतीय पुरस्कार ऊपर मुहल्ला तिगरा को दिया गया। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने किया। मौके पर उप प्रमुख परवेज राजा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, कलीम अंसारी, इकबाल अंसारी, अजीत केसरी, आरिफ रजा, बलराम गोप, मोईन अंसारी, आजाद कुरैशी, मेराज आलम, गुलजार अंसार, सेराज अंसारी, वसीम अंसारी, लाला खान सहित अन्य शामिल थे।



### इटकी मुखिया संघ का धरना शुरू



**इटकी।** झारखंड राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड मुखिया संघ के आह्वान पर इटकी मुखिया संघ गुरुवार धरना पर गए। इसके पूर्व इटकी मुखिया संघ द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन बीपीआरओ रहीस मलिक को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने में कुर्गी पंचायत मुखिया रमेश महली, इटकी पूर्वी पंचायत मुखिया रीता देवी, पश्चिमी पंचायत मुखिया निर्मला भेंगरा, कुंदी मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा शामिल थे।

# सुकांत, सुहास और तरुण की जीत से शुरूआत



### दबाव में हारीं मानसी

मानसी ने ग्रुप ए में इंडोनेशिया की कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह के खिलाफ पहला गेम जीत लिया, लेकिन दबाव में आकर 21-16, 13-21, 18-21 से हार गईं। मंदीप को ग्रुप बी मैच में नाईजीरिया की मरियम इनियोला बोलाजी से 8-21, 14-21 से शिकस्त मिली।

एजेंसी

**पेरिस।** भारत के सुकांत कदम, सुहास यथिराज और तरुण ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल कर अच्छी शुरूआत की। हालांकि, महिला एकल के ग्रुप चरण में मंदीप कौर और मानसी जोशी को एसएल3 वर्ग में हार का सामना करना पड़ा।

### वापसी कर जीते सुकांत, सुहास ने एकतरफा अंदाज में हासिल की जीत

सुकांत ने ग्रुप बी के शुरूआती मैच में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन पर एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 17-21, 21-15, 22-20 से जीत हासिल की। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास को इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को ग्रुप ए मैच में हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने महज 22 मिनट में 21-7, 21-5 से जीत दर्ज की। अपना दूसरा पैरालंपिक खेल रहे तरुण ने पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप डी मैच में ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरेयो जूनियर जेवियर को 21-17, 21-19 से मात दी। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है। नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को मिश्रित युगल ( एसएल 3, एसयू 5 ) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21-14, 21-17 से जीता। शिवराजन सोलाइमलाइ और नित्या श्री की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मिश्रित युगल में एसएच6 ग्रुप मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की और जेसी सिमोन से सीधे गेम में हार गईं। उन्हें अमेरिकी जोड़ी ने 35 मिनट में 23-21, 21-11 से हराया।

## ज्योति को लगा तगड़ा झटका, साइकिलिंग स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहकर बाहर हुई



पहले दिन भारत की ज्योति गडेरिया को तगड़ा झटका लगा। वह महिलाओं की सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा के क्वालिफाइंग दौर में 10वें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। उन्होंने 3000 मीटर की दूरी तय करने में चार मिनट 53.929 सेकेंड का समय लिया। इसी के साथ उनका सफर पेरिस पैरालंपिक में समाप्त हो गया। चीन की वांग जियाओमेई (3:44.660) और ब्रिटेन की डाफने श्रागर (3:45.133) क्वालिफाइंग दौर में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं। अब दोनों स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी। जर्मनी की मैके हॉसबरगर और स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिगलिंग क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। दोनों अब कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगी।

## प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारी अरुणा तंवर

भारतीय महिला एथलीट अरुणा तंवर गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 की ताइक्वांडो स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारकर बाहर हो गयी। अरुणा तंवर को गुरुवार को खेले गए मुकाबले में तुर्की की नूरसिहान एकिनसी ने 19-0 से हराया।



## पैरा तीरंदाज शीतल देवी अंतिम-16 में पहुंचीं तुर्किये की ओजनूर ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**पेरिस।** हांगझोऊ पैरा एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत जीतने वाली बिना बाजुओं की तीरंदाज जम्मू कश्मीर की शीतल देवी ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर को पीछे छोड़ते हुए पेरिस पैरालंपिक के अंतिम-16 में जगह बना ली है। शीतल ने गुरुवार को क्वालिफाइंग रैंकिंग राउंड में 720 में से 703 का स्कोर किया। रैंकिंग राउंड का 698 अंकों के साथ पिछला विश्व रिकॉर्ड ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे पीटरसन के नाम था, जिसे शीतल ने पीछे छोड़ दिया। हालांकि तुर्किये की ओजनूर गिर्डी ने 704 अंकों के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया और शीर्ष स्थान पर रहकर अंतिम-16 में पहुंचीं। शीतल रैंकिंग राउंड में दूसरे स्थान पर रहीं।

### पहले दौर में मिली बाई

रैंकिंग राउंड में दूसरे स्थान पर रहने के कारण शीतल को पहले दौर में बाई मिली और उन्हें सीधे अंतिम-16 में प्रवेश मिला। शीतल यहां चिली की मारियाना जुनिगा और कोरिया की चोई ना मी के बीच होने मैच के विजेता से खेलेंगी। जुनिगा ने टोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक जीता था। वह रैंकिंग राउंड में 15वें स्थान पर रहीं। शीतल की जन्म से दोनों बाजुएं नहीं हैं, जिसके चलते वह पैर से धनुष और तीर चलाती हैं। एक अन्य भारतीय तीरंदाज सरिता देवी ने 682 का स्कोर किया और वह नौवें स्थान पर रहीं। वह पहले दौर में मलेशिया की अब्दुल जलील से भिड़ेंगी।



## मंडाविया और खडसे ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित समारोह में श्री मंडाविया और सुश्री खडसे ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों के साथ रस्साकशी और एक मैत्री फुटबॉल मैच भी खेला। इस अवसर पर केन्द्रीय खेल मंत्री फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए कहा, देश के नागरिक को फिट और स्वस्थ्य रहना चाहिए। एक स्वस्थ्य नागरिक ही स्वस्थ्य राष्ट्र का निर्माण करता है। 2047 में विकसित भारत के निर्माण के लिए हर नागरिक को स्वस्थ्य और फिट रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा, फिट रहने के लिए खेलों में शामिल होना जरूरी है। इसलिये सभी नागरिको को अपनी रूचि के अनुसार एक घंटे खेलना चाहिए। मैं आज एक घंटा फुटबॉल खेलूंगा। उन्होंने कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जो खेलेंगे, वो खिलेंगे के दृष्टिकोण के अनुरूप, हम सभी को खेलों को सक्रिय रूप से अपनाना चाहिए। दुनिया भर में सबसे युवा देशों में से एक के रूप में, खेलों के जरिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना हमारी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण को लेकर साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, साइकिल चलाना न केवल सबसे अच्छा व्यायाम है, बल्कि यह छोटी दूरी के लिए परिवहन का एक पर्यावरण-अनुकूल साधन भी है। उल्लेखनीय है कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ था। उन्हें हॉकी के जादूगर के नाम से भी जाना जाता है।



## रूट का 33वां टेस्ट शतक, पहुंचे कुक की बराबरी पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के भरोसेमंद बल्लेबाज जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार शतक जड़ दिया है। यह रूट के करियर का 33वां शतक है। ऐसा कर उन्होंने इंग्लैंड के ही दिग्गज एलिस्टेयर कुक की बराबरी कर ली है जोकि 33 शतक लगा चुके हैं। रूट अब इसी के साथ अपने सलकालीन प्रतिद्वंद्वी स्टीव स्मिथ (32 शतक) से आगे निकल गए हैं। रूट का यह शतक तब सामने आया जब इंग्लैंड ने पहले 10 ओवर में ही डेनियल लॉरेंस और कप्तान ओली पोप का विकेट गंवा दिया था।

रूट ने 162 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 103 रन बनाए जिससे इंग्लैंड को 200 का स्कोर पार करने में सफलता मिली।मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डिसल्वा ने टॉस जीतने के बाद कहा कि हम पहले गेंदबाजी करने जा रहे हैं। पहले घंटे में हमेशा स्विंग होती है। वह सफेद गेंद क्रिकेट (निसंका) में अच्छी फॉर्म में हैं। मैनचेस्टर से बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वहीं, इंग्लैंड की ओर से ओली पोप ने कहा कि हम एक बल्ला लेने जा रहे थे। जब आप लॉर्ड्स पहुंचते हैं, तो आप ऊपर देखते हैं और फिर नीचे देखते हैं, वे यही कहते हैं। वह सफेद शर्ट को वापस पहनने के लिए उत्सुक है, खासकर क्रिकेट के घर में।

### शिखर धवन गुजरात से जुड़े

**नयी दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले शिखर धवन आगामी लीजेंड्स क्रिकेट लीग के लिए सीधे गुजरात टीम से जुड़ गये हैं। गुजरात के पास पहले से ओपनर के तौर पर क्रिस गेल जैसे दिग्गज हैं। ऐसे में आगामी सीजन में धवन और गेल मिलकर लीजेंड्स लीग में धमाल मचा सकते हैं। धवन को विदेशी लीग में खेलने के लिए बीसीसीआइ की शर्त के अनुसार टीम इंडिया और आइपीएल से संन्यास लेना था, धवन इससे पीछे नहीं हटे। अब दर्शकों को उनका खेल लीजेंड्स लीग में देखने को मिलेगा। लीग की शुरूआत 20 सितंबर से होनी है।

### एकमात्र टेस्ट से राशिद खान बाहर

**काबुल।** हरफनमौला राशिद खान को अगले महीने ग्रेटर नोएडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए अफगानिस्तान की 20 सदस्यीय शुरूआती टीम में जगह नहीं दी गई। यह टेस्ट नौ से 13 सितंबर तक खेला जाएगा जिसके लिए राशिद का नहीं चुना जाना हैरानी भरा फैसला है क्योंकि वह इस प्रारूप में अफगानिस्तान के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एसीबी के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने कहा कि मुझे टीम में कुछ युवा खिलाड़ियों को देखकर खुशी हो रही है जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्हें इस टेस्ट मैच के लिए टीम का हिस्सा बनने का मौका मिला है।

### पीएम मोदी ने खेल दिवस पर देशवासियों को दी बधाई



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर गुरुवार को देशवासियों को बधाई दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुभकामनाएं। आज के दिन हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, यह उन सभी को बधाई देने का अवसर है जिनमें खेलों के प्रति जुनून हैं तथा जो भारत के लिए खेले है। हमारी सरकार खेलों का समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अधिक से अधिक युवा खेलों में अपनी चमक बिखेरे। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट के साथ ओलंपिक 2036 को लेकर विभिन्न खेलों के छोटे-छोटे वीडियों की श्रृंखला भी साझा की।

### शाहीन अफरीदी दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने शुक्रवार से रावलपिंडी में बंगलादेश के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान ने मैच की पूर्व संध्या पर 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें लेग स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मीर हमजा शामिल हैं। अफरीदी को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर किये जाने पर मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा कि वह अपनी प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए ह्यकुछ चीजों पर काम कर रहे हैं।

### ओरम बनाये गये न्यूजीलैंड टीम के गेंदबाजी कोच



**वेलिंग्टन।** भारत दौरे से पहले न्यूजीलैंड ने पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम को पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच बनाया है वह सात अक्टूबर को अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। अपनी नियुक्ति पर ओरम ने कहा, मैं ब्लैककैप्स के साथ फिर से जुड़ने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, एक ऐसी टीम के साथ फिर से जुड़ना जो मेरे लिए बहुत मायने रखती है और मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रही है, वास्तव में सम्मान की बात है।

## जोकोविच ने तीसरे दौर में बनायी जगह, बालाजी-युकी भी आगे बढ़े



एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन में अपने 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब की तलाश में उतरे हैं। उन्होंने इस टूनामेंट में अपना विजयी रथ जारी रखते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली है। गत विजेता दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने हमवतन लास्जो जेरे को 6-4, 6-4, 2-0 से हराया। जेरे ने चोट के चलते मैच बीच में छोड़ दिया जिससे जोकोविच आगे बढ़ने में सफल रहे। हालांकि, जोकोविच पूरे मुकाबले में अपनी सर्विस पर जूझते नजर आए।

### जिमी कॉनर्स की बराबरी करने के करीब जोकोविच

जोकोविच की यूएस ओपन में यह 90वीं जीत रही। इसके साथ ही वह चारों ग्रैंड स्लैम में 90 या उससे अधिक मैच जीतने वाले दुनिया के इकलौते टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच अब यूएस ओपन में सर्वाधिक मैच जीतने के जिमी कॉनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी से आठ जीत दूर हैं। जेरे ने मैच जरूर बीच में छोड़ा, लेकिन यह संघर्षपूर्ण मुकाबला था, जिसमें जोकोविच खुद शारीरिक समस्याओं से जूझते दिखे। जोकोविच ने मैच के बाद स्वीकार किया कि दूसरा सेट वह हार सकते थे। उनकी 47 प्रतिशत पहली सर्विस ही सही रही। दूसरे सेट के दौरान ही जेरे को पेट के निचले हिस्से में दर्द शुरू हुआ। बीते वर्ष भी तीसरे दौर के मुकाबले में जोकोविच को जेरे के खिलाफ काफी ज्यादा संघर्ष करना पड़ा था। जोकोविच अगले दौर में आस्ट्रेलिया एलेक्सी पोपरिन से भिड़ेंगे।

### गत विजेता गॉफ भी तीसरे दौर में

महिला एकल में गत विजेता अमेरिका की कोको गॉफ भी जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गईं। उन्होंने तात्याना मारिया को 6-4, 6-0 से पराजित किया। वह अगले दौर में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से भिड़ेंगी, जिन्होंने अपने ही देश की कालिनिना को 6-1, 6-2 से हराया। वहीं, गत उपविजेता और यहां खिताब की दावेदार बेलारूस की दूसरी वरीय अरिना सबालेंका भी तीसरे दौर में पहुंच गईं। उन्होंने इटली की ब्रोंजेटी को 6-3, 6-1 से हराया। क्रेजिसिकोवा को हराने वाली रूज का सामना स्पेन की पाउला बडोसा से होगा। 12वीं वरीय दारिया कासातकिना को अमेरिका की पेयटन स्टर्नस ने 6-1, 7-6 से हराया। वहीं, विंबलडन विजेता चेक गणराज्य की आठवीं वरीय बारबरा क्रेजिसिकोवा की दूसरे दौर में विदाई हो गई। उन्हें रोमानिया की एलिना ग्रैब्रिएला रूज के हाथों 4-6, 5-7 से हार मिली।



### लेहसा व रुबलेव पांच सेटों के संघर्ष में जीते

यूएस ओपन में लंबे मैच चलने का सिलसिला जारी है। डैन इवांस और कारेन खचानोव के बीच चले पांच घंटे 35 मिनट के मैच के बाद जीरी लेहका और माइकल क्रूगर के बीच भी पांच सेट तक मैच चला। यह मुकाबला तीन घंटे 59 मिनट तक खेला गया, जिसमें 32वीं वरीय लेहका ने दो सेट से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए क्रूगर को 6-7, 0-6, 6-4, 6-4, 7-5 से हराया।

### बालाजी-भांबरी अपने जोड़ीदारों के साथ दूसरे दौर में पहुंचे



भारत के युगल खिलाड़ियों एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी ने अमेरिकी ओपन पुरुष युगल वर्ग में अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ पहले दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो एंड्रियोजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला को 5-7, 6-1, 7-6 से हराया। युकी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती ने स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी रियान सेजेरमैन और पैट्रिक टी को 6-3, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के आस्टिन क्राइसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर से होगा।

### वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नयी दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। गेब्रियल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपने संन्यास की जानकारी देते हुए कहा, पिछले 12 सालों से मैंने स्वयं को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए समर्पित कर दिया था और इस दौरान क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर खेलना मेरे लिए सबसे बेहतरीन था। अपने पसंदीदा खेल में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मुझे बहुत खुशी देता है। लेकिन जैसा कहा जाता है कि हर चीज का अंत होता है, लिहाजा आज मैं भी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले रहा हूं। उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और साथ ही अपने परिवार का भी शुक्रगुजार हूं जिसने इस दौरान मेरा हर कदम पर साथ दिया। इसके अलावा मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज, मेरे कोच और सभी स्टाफ का भी आभारी हूं। शब्दों में मैं उनके योगदान को नहीं समेट सकता जिन्होंने सालों तक मेरा साथ दिया। आखिर में मैं अपने उन सहयोगियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो हर पल मेरे साथ थे और उन्होंने मेरे इस सफर को यादगार बनाया।

### बरिंदर सरन ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी बरिंदर सरन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। सरन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जब मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं तो मैं अपने सफर को कृतज्ञता से भरे दिल से देखता हूं। उन्होंने कहा, क्रिकेट ने मुझे अनगिनत और अविश्वसनीय अनुभव दिए हैं। तेज गेंदबाजी जल्द ही मेरा लकी चार्म बन गई और प्रतिष्ठित आइपीएल फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरे दरवाजे खुल गए आखिरकार 2016 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सर्वोच्च सम्मान मिला।

स्पीड न्यूज



## साईं देवस्थानम में गजानन उत्सव 7 को

**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संसथान, जमशेदपुर के तत्वाधान मे दिनांक 7 सितम्बर दिन रविवार को श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा, टेल्को में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गजानन उत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस दिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तक श्री गणेश चतुर्थी पूजन, गणपति हवन होगी सायं 7 बजे गणपति वंदना एवं गणपति जी की भव्य आरती की जायेगी। इस अवसर पर भक्तों के लिए दोपहर एवं रात्रि में प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। अनुष्ठान के प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भक्तों को जानकारी दी जा रही है।

## घाटशिला विधायक रामदास सोरेन आज मंत्री पद की लेंगे शपथ

**जमशेदपुर।** 30 अगस्त 2024 को घाटशिला विधानसभा विधायक माननीय रामदास सोरेन 11 मंत्री पद की शपथ लेंगे। यह सूचना मिलते ही पूर्वी सिंहभूम के झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का आभार व्यक्त किया। झामुमो के युवा नेता पिंटु लाल ने कहा विधायक रामदास सोरेन को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उम्मीद है वे अच्छे और कर्तव्यनिष्ठ मंत्री साबित होंगे।

## शुल्क लागू के विरोध में चैंबर की बैठक आज

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा झारखण्ड सरकार के द्वारा प्रस्तावित कृषि उपज एवं पशुधन संवर्द्धन विधेयक (बाजार समिति शुल्क) लगाने के विरोध में शुक्रवार, दिनांक 30 अगस्त, 2024 को दोपहर 12.05 बजे से कोल्हान के खाद्यान व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई है एवं दोपहर 1 बजे से संवाददाता सम्मेलन रखा गया है। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

## मोहित सिंह बने करणी सेना के युवा जिलाध्यक्ष



**जमशेदपुर।** गुरुवार की शाम क्षत्रिय करणी सेना परिवार संगठन के द्वारा भुइयांडीह मैदान में जिलास्तरीय संगठन का विस्तारीकरण हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां सर्वसहमति से मोहित सिंह को करणी सेना युवा का जिलाध्यक्ष (पूर्वी सिंहभूम) बनाया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजन सिंह ने नियुक्ति पत्र देकर और भगवा वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। युवा जिलाध्यक्ष बने मोहित सिंह ने कहा कि संगठन ने उनपर विश्वास जताते हुए जो जिम्मेदारी दी है,उसे पूरी ईमानदारी व लगन से संगठन हित व समाज हित में लगातार कार्य करेंगे और संगठनों मजबूत बनायेंगे।

## भाजपा उलीडीह मंडल अध्यक्ष को पितृशोक



**जमशेदपुर।** भाजपा उलीडीह मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया के पिता यदुवंश नारायण सिंह का हृदय गति रुकने से इलाज के लिए टीएमएच ले जाने के क्रम में रास्ते में बुधवार की देर रात को निधन हो गया, उलीडीह क्षेत्र के डिमना बस्ती निवासी यदुवंश नारायण सिंह(80 वर्ष) टीसीआई ट्रांसपोर्ट से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे, वह अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्री, तीन पोता, तीन पोती सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को दोपहर में भुइयांडीह स्थित स्वर्णरेखा बर्निंग घाट में हुआ, सांसद विद्युत वरण महतो एवं जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने उलीडीह मंडल अध्यक्ष के पिता के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया।

# तेंदुआ की खाल और शिकार करने के उपकरणों के साथ तीन और गिरफ्तार

›› वन विभाग ने पूछताछ के बाद भेज दिया जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वन विभाग जमशेदपुर ने वन्य जीवों के शिकार कर उनके अंगों का व्यापार करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जमशेदपुर वन विभाग ने इस गिरोह के तीन सदस्यों को पलामू से गिरफ्तार किया है। इनके पास से हिरण के दो सिंग एवं अन्य वन्य जीवों के अंग बरामद किये गये हैं। इनके पास से वन्य जीवों का शिकार करने के लिए फांस,जाल एवं अन्य उपकरण भी बरामद किए गए हैं। यह अभियान जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम अंसारी के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें कार्यकारी भूमिका में रेंज ऑफिसर दिग्विजय सिंह थे।



डीएफओ सबा अंसारी गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ। साथ में रेंजर दिग्विजय सिंह।

**पलामू से पकड़े गये तस्करों के नाम हैं :** जाकिर हुसैन, दिनेश्वर सिंह और विजय यादव। गिरोह के पांच लोगों को पहले ही वन विभाग गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। उनके पास से तेंदुआ खाल भी बरामद किया गया था। इस तरह अब तक इस मामले में आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वन विभाग गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में जुटा हुआ है। गिरोह की गतिविधियों में नार्थ इस्ट के एक फौजी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**बरामद सामान :** दिनेश्वर सिंह के पास से तेन्हुआ का खाल, बाघ को फखाने का लोहे से निर्मित जाल, एक हिरण का सिंग, जाकीर के पास से तेंदुआ फंसाने का जाल एवं विजय यादव के पास से वन्य जीव फंसाने का लोहे का जाल एवं हिरण का सिंग। विजय यादव ने बताया कि राजस्थान के कुछ लोग सियार मार कर उसका अंग ले जाते हैं।

### इंद्रलोक होटल में तेंदुआ की खाल के साथ पकड़ाया था पहला आरोपी, उसी ने खोली पोल

वन विभाग की टीम ने विशेष सूचना के आधार पर आम बगान, साकची, जमशेदपुर स्थित होटल ईद्रलोक के समीप गत दिनांक 13.08.2024 को अपराह्न लगभग 2 बजे वन क्षेत्र पदाधिकारी, मानगो के नेतृत्व में चन कर्मियों के साथ छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति के छान-बीन के दौरान उसके बैग से एक तेंदुआ का खाल पाया गया। जप्त साल का उनके द्वारा कोई भी कामजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पुछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम अशोक विश्वकर्मा, पिता-भागवत विश्वकर्मा, 1/2 सुचित्रा अपार्टमेंट बाल बिहार सोनारी, जमशेदपुर बताया गया। तत्पश्चात अभियुक्त को गिरफ्तार कर वन क्षेत्र कार्यालय, मानगो लाया गया। पुनः गहन पुछताछ क्रम में अभियुक्त ने बताया कि उक्त तेंदुआ की खाल को श्री शाम कुजूर, हवलदार, भारतीय सेना, फर्स्ट महार रेजिमेन्ट, टेन्गा, अरूणाचल प्रदेश, पिता-सुकरा कुजूर एवं श्री सुरेश कुजूर उर्फ पिन्टू कुजूर दोनो का पता- ग्राम-कंकुसी, धाना- मुफस्सिल चाईबासा, जिला-पश्चिमी सिंहभूम के द्वारा उन्हे बेचने हेतु दिया गया है। उनके बयान के अनुरूप उनके तथ्यों के सत्यापन हेतु अभियुक्त को साथ लेकर चाईबासा वन प्रमंडल के वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं वनकर्मी थाना-चाईबासा के पुलिस पदाधिकारियों के साथ अभियुक्त के निशानदेही पर छापामारी किया गया और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मानगो लाया गया। श्री शाम कुजूर ने बताया कि उक्त खाल को वह राजकुमार, ग्राम-कचरा (जपला), मेदनीनगर, जिला-पलामू के गाँव के निवासी से प्राप्त किया था। अभियुक्त श्री राजकुमार के निशानदेही पर श्री विजय कुमार, पिता-रामचन्द्र दास, ग्राम-चैनपुर, मेदनीनगर, पलामू को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, पलामू के समक्ष उपस्थित करा कर 48 घण्टे का ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया। उसकी निशानदेही पर पुनः दिनेश्वर सिंह, जाकिर हुसैन एवं विजय यादव को गिरफ्तार किया गया। केस का अनुसंधान जारी है, अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर इस षड़यंत्र में शामिल लोगों को पकड़ा जा सकता है।

# पोटका : चर्चित आरएमपी डॉ बी मंडल की दिनदहाड़े हत्या

- तीन अपराधियों ने बोलेरो से किया अपहरण, लोगों ने पीछा किया तो हत्या कर दी
- दो अपराधी पकड़ाए, एक फरार, हत्या में प्रयोग बोलेनो गाड़ी भी बरामद

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**पोटका।** राजनगर थाना क्षेत्र के सिजुलता के जानेमाने ग्रामीण डाक्टर बी मंडल का तीन अपराधियों ने अपहरण कर गोली मार हत्या कर दिया। हत्या कर लाश को अपराधियों ने पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत कवाली थाना क्षेत्र के सुपल भालकी(जाम जुड़की) के समीप झाड़ी में फेक दिया। अपराधियों के द्वारा घटना का अंजाम देने के बाद बिना नंबर के बोलेनो गाड़ी से भागने के क्रम में पोटका पुलिस ने बोलने गाड़ी सहित दो अपराधियों को देवली चौक के पास पकड़ लिया जबकि एक अपराधी त्रिदेव गोप भागने में सफल रहा। त्रिदेव गोप राजनगर थाना अंतर्गत उरुघुतु का रहने वाला है। घटना लगभग साढ़े नौ दस बजे की है।



हत्या की खबर मिलने पर सिजूलता क्लिनिक के बाहर शोकाकुल स्थानीय लोग और भागने के क्रम में अपराधियों ने मंडल की हत्या कर शव फेंक दिया व बी मंडल का फाइल फोटो (इनसेट में)।

बताया जा रहा है कि आरएमपी डॉक्टर बी मंडल प्रतिदिन प्रातः सिजुलता के पियाल गोरा के क्लिनिक में बैठते थे। लगभग दस बजे बी मंडल क्लिनिक बंद कर घर लौट रहे थे। लौटने के समय कुछ अपराधियों ने पीछा कर महेश कुदर के पास सुनसान जगह पर अगवा कर अपने बोलेना गाड़ी में बैठा लिया। कवाली थाना अंतर्गत सुपल भालकी के नजदीक हत्या कर लाश को फेक दिया।

इधर डाक्टर की हत्या का समाचार सुनते ही शव फेके स्थान पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जमा हो गये तथा रोष व्यक्त करने लगे। ग्रामीणों ने मांग किया की दोनो अपराधियों को यहां लाया जाए। हमलोग सजा देंगे। ग्रामीण पांच घंटे तक शव को रोक कर रखा। बाद में तीन डी एस पी मुसाबनी संदीप भाकत, घाटशिला अजीत कुजूर, सरायकेला संतन मिश्र , पोटका थाना प्रभारी समीर तिर्की, कवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान मौके पर पहुंचे तथा शव उठाने का आग्रह किया। बाद में डाक्टर के परिवार को सुरक्षा देने के लिखित आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजने दिया। डाक्टर बी मंडल के हत्या में शामिल दो गिरफ्तार अपराधी सुजीत सिंह तथा चंदन गोप है। समाचार लिखे जाने तक इस चर्चित हत्याकांड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। डी एस पी संदीप भकत ने कहा कि अपराधियों से गहन पूछताछ के बाद ही कारण पता चलेगा। डाक्टर मंडल अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गये हैं। दो बेटों में एक बेटा डेंटिस्ट है।

## अमरप्रीत सिंह काले ने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात



राष्ट्रपति के साथ भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रदेश बीजेपी के पूर्व प्रवक्ता व प्रखर समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने आज राष्ट्र की महामहिम राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मूर्मू जी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने इस मुलाकात के दौरान महामहिम से महिलाओं पर हो रहे विभिन्न अपराधों, मादक पदार्थों के सेवन से युवाओं पर पड़ रहे मानसिक प्रभाव, प्रदेश से जुड़े मुद्दों, और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति को दिये गये अमूल्य समय के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## एडवोकेट प्रवीण दुबे मौत प्रकरण की गहन अनुसंधान की मांग उठी

- जमशेदपुर बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल एसएसपी से मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के युवा अधिवक्ता प्रवीण कुमार दुबे की राजस्थान जयपुर के चित्रकूट थाना क्षेत्र के एक होटल में हादसे में हुई मौत प्रकरण की गहन जांच की मांग पर जमशेदपुर बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल से मिला। उनसे मिलकर वकीलों की चिंता से अवगत कराया तथा गहन अनुसंधान पर बल दिया। एसपी से आग्रह किया गया कि वह जयपुर के पुलिस कमिश्नर से व्यक्तिगत रूप से संपर्क बनाकर इस मामले की गहन जांच का अनुरोध करें। बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए पत्र में साफ कहा गया है कि प्रवीण दुबे शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। उनकी अचानक मौत से यह संदेह होना स्वाभाविक है कि यह स्वाभाविक मौत नहीं बल्कि हत्या किए जाने की सम्भावना है। परिजन भी इसी तरह का अंदेशा जता रहे हैं। ऐसे में गहन जांच की जरूरत है। एसएसपी ने प्रतिनिधि मंडल में शामिल बार के अध्यक्ष अधिवक्ता रथिन्द्र नाथ दास, महासचिव कुमार राजेश रंजन भी मौजूद थे।



एसएसपी किशोर कौशल को मांग पत्र सौंपते बार एसोसिएशन के लोग।

## गणिनाथ सेवा संस्थान का वार्षिकोत्सव कल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गणिनाथ सेवा संस्थान,गोलमुरी के प्रांगण में 51 वां वार्षिक समारोह सह शाह बाबा गणिनाथ गोविंद जयंती समारोह का आयोजन 31 अगस्त को मनाया जायेगा। सुबह में जहां एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी वहीं दूसरी ओर दोपहर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। संस्थान के अध्यक्ष सुंदर गुप्ता और महामंत्री संजय प्रसाद ने आज पत्रकारों को बताया कि शोभा यात्रा सुबह 8 बजे से जंबो हनुमान मंदिर, भालूबासा से निकाली जायेगी। विभिन्न आकर्षक झांकियों वाली शोभायात्रा वहां से एग्रिको गोलचक्कर होते हुए गोलमुरी आकाशदीप प्लाजा के बगल में स्थित गणिनाथ भवन पहुंच कर संपन्न होगी। दिन के 11 बजे समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जायेगा और ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास मुख्य अतिथि होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद बिद्युतबरण महतो, विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, नमन संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले आदि उपस्थित रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में संगठन मंत्री विनय गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, कार्य मंत्री राजेश शाह, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार भी थे।



संवाददाता सम्मेलन में स्मारिका जारी करते सुंदर गुप्ता व सहयोगी पदाधिकारी।

## नारायणा क्लिनिक साकची में मुफ्त मेगा ईसीजी शिविर कल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हृदय रोगों की रोकथाम और प्रारंभिक पहचान हेतु ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा संचालित नारायणा क्लिनिक, आमबगान, साकची में एक मेगा मुफ्त ईसीजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राफी) शिविर का आयोजन शनिवार 31 अगस्त को सुबह 8 बजे से किया जा रहा है। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहेगी जो कि रिपोर्ट की त्वरित जांच और परामर्श प्रदान करेगी। इससे संबंधित जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिए 9507202020, 8210825689 नंबर पर संपर्क किया जा सकता हैं। इस संबंध में सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम ने बताया कि ईसीजी परीक्षण हृदय की विद्युत गतिविधि का मापन करता है और यह हृदय संबंधी रोगों की प्रारंभिक पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समय पर ईसीजी परीक्षण से हृदय रोगों के जोखिम को कम किया जा सकता है।

## कोल्हान के संतोष ट्रॉफी चैंपियन समीर मुर्मू जमशेदपुर एफसी में हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने युवा और प्रतिभाशाली स्थानीय स्ट्राइकर समीर मुर्मू के साथ दो साल के करार की घोषणा की है। घाटशिला के पास भागाबंध गांव के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने गोल-स्कोरिंग कौशल से प्रभावित करते हुए फुटबॉल सर्किट में पहले ही अपना नाम बना लिया हैद्व। 2023-24 संतोष ट्रॉफी में उनका शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां उन्होंने सिर्फ 13 मैचों में 10 गोल किया, जिससे उन्हें टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला और उन्हें पहली बार भारत की अंडर-23 टीम में शामिल किया गया। समीर मुर्मू जर्सी नंबर 34 पहनेंगे और प्रशिक्षण में मेन ऑफ स्टील में शामिल हो गए हैं।

कार्तिक और जोबा मुर्मू के घर जन्मे समीर का फुटबॉल के प्रति प्यार उनके बड़े भाई प्रकाश मुर्मू ने जगाया, जिन्होंने उन्हें इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। समीर ने टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा समर्थित फुटबॉल फीडर सेंटर से अपनी फुटबॉल यात्रा शुरू की, जहां उन्होंने कोच कानू मुर्मू के मार्गदर्शन में अपने कौशल को निखारा। उनकी प्रतिभा और समर्पण ने उन्हें जल्द ही आर्मी बॉयज हॉस्टल, दानापुर बिहार रेजिमेंट में जगह दिला दी, जहाँ उन्होंने कई टूनामेंटों में बिहार और सेना दोनों का प्रतिनिधित्व किया।



जमशेदपुर के बाहर कोल्हान क्षेत्र से आने वाले पहले खिलाड़ी होने के नाते समीर मुर्मू ने जमशेदपुर एफसी में शामिल होने पर अपनी खुशी जताई। उन्होंने कहा, ₹मुझे क्लछ में अपने होम टाउन और कोल्हान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने पर बेहद गर्व है. यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा अवसर है और मैं टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए बेकरार हूं। मैं कोच और जमशेदपुर के लोगों के सामने खुद को साबित करने के लिए प्रशिक्षण में अथक परिश्रम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं जमशेदपुर के सभी प्रशंसकों से अनुरोध करना चाहूँगा कि वे हमारा समर्थन करना जारी रखें - हम आपको गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं।

मुख्य कोच खालिद जमील ने स्थानीय खिलाड़ी को साइन करने के बारे में अपना उत्साह साझा किया. उन्होंने कहा, समीर हमारे स्थानीय समुदाय से एक युवा प्रतिभा है, जो पिच पर गति और बहुमुखी प्रतिभा का एक अनूठा संयोजन लाता है। एक स्थानीय खिलाड़ी के रूप में वह घरेलू प्रतिभा को आगे बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रतीक है। कई पोजिशन - विंगर, हमलावर मिडफील्ड और स्ट्राइकर - पर खेलने की अपनी क्षमता के साथ, समीर हमारी टीम को कई विकल्प और गहराई प्रदान करता है।

## एक नजर में

### करतब दिखा रहे व्यक्ति को अजगर ने जकड़ा, मौत

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र में हीरा होटल के नजदीक बोड़ाम का रहनेवाला एक सब्जी विक्रेता झोले में अजगर सांप लेकर आया और गले में उसे लपेटकर करतब दिखाने लगा। इसी क्रम में अजगर ने उसकी गर्दन को जकड़ लिया और तब तक जकड़े रखा, जब तक दम घुटने से 60 वर्षीय हेमंत सिंह की मौत नहीं हो गयी।



### शिव शंकर ने केबुल टाउन रोड से कचरा हटवाया



**जमशेदपुर।** ओल्ड डीएस फ्लैट, केबुल टाउन एवं केबुल बस्ती जाने वाले मार्ग पर फैले गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर थे स्थानीय नागरिक। फैली गंदगी से गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा था। इसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता सह सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की के संरक्षक शिव शंकर सिंह से संपर्क किया और इस नारकीय स्थति से निदान दिलाने की मांग की। समाजसेवी शिव शंकर ने फौरन जेसीबी चलवाकर रास्ते साफ करवाइए। इस अवसर पर संजय सिंह, मुन्ना सिंह, बिपिन झा, बिट्टू तिवारी, नागेंद्र यादव, पूनम शाह और कई लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व सीएम चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से पार्टी मजबूत होगी : डॉ जटाशंकर पांडेय



**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं खरसावां विधानसभा के प्रभारी डा जटाशंकर पांडेय ने कहा है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जो झामुमो के अग्रणी नेताओं में शामिल रहे हैं। पिछले काल खंड में भ्रष्टाचार के मामले में जेल से छूट कर वापस आये हेमन्त सोरेन ने अपनी महत्वाकांक्षी आदतों से आनन फानन में उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाते हुए मुख्यमंत्री पद से जबरन इस्तीफा दिलवा कर खुद मुख्यमंत्री बन गये। ऐसे में स्वाभिमान से समझौता नहीं करने वाले कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर चंपाई सोरेन जी ने कल झामुमो के सभी पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया है। चंपाई के आगमन से हम न सिर्फ एक सुंदर झारखंड का निर्माण करेंगे बल्कि झामुमो-कांग्रेस की इस भ्रष्टाचारी सरकार को भी जड़ से उखाड़ फेंकेगे।

### तिलक पुस्तकालय में महिला कांग्रेस का नारी न्याय सम्मेलन संपन्न



**जमशेदपुर।** गुरुवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अल्का लांबा के आदेशानुसार और झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह के निदेर्शानुसार तिलक पुस्तकालय बिस्टुपुर में नारीन्याय सम्मेलन का आयोजन किया गय। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से आयी हुई जिला पर्यवेक्षक शमशीदा तैयब विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की वरीय उपाध्यक्ष रीना सिंह, पुनीता चौधरी जी, जिला कोऑर्डिनेटर सीताराम चौधरी, शिल्पी, शबाना परवीन, रश्मि निगार, रजनी चावला, मोनू गौड़, सीमा मोहंती, उमा प्रजापति शोभा दास, लखवीर कौर जी सैकड़ों बहनें उपस्थित थी। सभी अतिथियों और महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा ने भी अपना विचार व्यक्त किया और सभी अतिथियो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी बहनों ने संविधान की शपथ लीं और बहनों ने अलता से बैनर पर हाथ का चिह्न बनाया साथ ही कोमल है कमजोर नहीं है गाने ने सबका उत्साह बढ़ाया।

### इनर व्हील क्लब ने दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित किया खेलकूद प्रतियोगिता



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने जमशेदपुर के विशेष बच्चों के लिए 9 अलग-अलग स्कूलों के दिव्यांग (सेरेब्रल पाल्सी) बच्चों के साथ मेगा पैरा स्पोट्र्स प्रतियोगिता का आयोजन किया। लगभग 120 छात्रों ने अपने शिक्षकों, मार्गदर्शकों और अभिभावकों के सहयोग से 10 अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया। विजेताओं को उपहार और वहां मौजूद सभी प्रतिभागियों को भागीदारी उपहार दिये गये। उनके बीच बिस्कुट, फल, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट बांटे गये। इस मेगा इवेंट का आयोजन, प्रायोजन और नेतृत्व आईएसओ पीपी रमा खन्ना ने किया तथा इसका समन्वय और पहल डॉ. मीना मुखर्जी और अध्यक्ष मधुमिता सान्याल ने की। दिव्यांग मार्ग दर्शन के अध्यक्ष श्री धीरज कुमार और सचिव श्री राजकुमार को क्लब की ओर से विशेष धन्यवाद दिया गया जिन्होंने इस मेगा पैरा स्पोट्र्स प्रतियोगिता के सफल आयोजन में हमारी मदद की। इसमें 120 बच्चों ने शिरकत की।

### देशप्रेम-स्वाभिमान के प्रतीक थे दद्दा : अमर नाथ



**जमशेदपुर।** गुरुवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी की महान खिलाड़ी और भारतीय सेना के जांबाज सिपाही मेजर ध्यानचंद को जयंती नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7.30 बजे एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर के पूर्व सैनिक नेवी अमर नाथ जी के मुक्केबाज का स्वागत किया गया। विषय प्रवेश और संचालन प्रवीण कुमार पांडे ने किया।

स्पीड न्यूज

## द बकिंघम मर्डर्स का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज हो गया है। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स के मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना साडा प्यार टूट गया रिलीज कर दिया है, जिसे बल्ली सागू ने गाया है। यह गाना करीना कपूर खान पर फिल्माया गया है। यह गाना उनके जासूस के रूप को अलग-अलग भूमिकाओं में दिखाता है और फिल्म में उनके द्वारा महसूस की गई अलग-अलग भावनाओं को सामने लाता है। द बकिंघम मर्डर्स का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है यह फिल्म 13 सितंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## एससीओ समिट के लिए पाक ने मोदी को किया आमंत्रित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है। साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने गुरुवार को कहा कि बैठक में भाग लेने के लिए एससीओ देशों के प्रमुखों को निमंत्रण भेजा गया है।उन्होंने कहा ह्ल भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है। कुछ देशों ने पहले ही बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है।

## बांग्लादेश ने मांगी आठ अरब डॉलर की मदद

**ढाका।** बांग्लादेश की सरकार ने विदेशी कर्ज चुकाने और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित अन्य भागीदारों से आठ अरब डॉलर की बजट सहायता की मांग की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट से गुरुवार को प्राप्त हुई। द डेली स्टार ने कहा कि सरकार एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक से बाढ़ से क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए धन भी मांग रही है।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ 3 महिला नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह सर्चिंग पर निकली सुरक्षबलों की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। मारे गए तीनों नक्सली महिला हैं, जिनके शव बरामद कर लिये गए हैं। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीनों महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गए हैं। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।

## एमजी विंडसर का नया टीजर जारी

**गुरुग्राम।** क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर का नया टीजर जारी। विंडसर में 15.6 इंच के ग्रैंडव्यू टच शानदार डिस्प्ले है। विशाल डिस्प्ले सेगमेंट में एक अलग बेंचमार्क स्थापित करता है। यात्री आसानी से नेविगेट कर सकते हैं, एंटरटेनमेंट का मजा उठा सकते हैं, साथ ही आसानी से वाहन की सेटिंग को एडजस्ट कर सकते हैं। यह कार खड़ी हो, तब यह टचस्क्रीन आपके कार में बैठने के अनुभव को और भी बेहतरीन बनाते हुए, इस कार को एक एंटरटेनमेंट, गेमिंग और लर्निंग हब में बदल देता है।

# सेना ने वड़ोदरा में 150 से अधिक लोगों को बचाया

## गोल्डन कटार डिवीजन की टुकड़ियों ने तेज किया बचाव-राहत कार्य

**एजेंसी**

▸▸ **आइसीजी ने पोरबंदर और देवभूमि द्वारका जिलों में तैनात किये हेलीकॉप्टर**



**नयी दिल्ली।** गुजरात के वड़ोदरा में भारी बारिश और विश्वामित्री नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि के कारण आई बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में सेना और भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जवान रात-दिन लगे हैं। सेना की टुकड़ियों ने समय पर कार्रवाई करके 150 से अधिक लोगों को जलमग्न क्षेत्रों से बचाया है। इसी तरह आईसीजी ने पोरबंदर और देवभूमि द्वारका जिलों में 10 बच्चों सहित कुल 39 लोगों को बचाया है, जहां लोग छतों और अन्य अस्थायी ढांचों पर फंसे हुए थे। गुजरात के वड़ोदरा में बाढ़ आने के बाद से ही बचाव अभियान के लिए भारतीय सेना हरकत में आई। अब तक 150 से अधिक नागरिकों को बचाया गया है। नागरिक प्रशासन की ओर से मांगी गई मदद के जवाब में गोल्डन कटार डिवीजन की बाढ़ राहत टुकड़ी ने वड़ोदरा के हरनी में स्थानीय लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 20 असहाय व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। गोल्डन कटार डिवीजन की टीमों ने अभी भी बचाव कार्य जारी रखा है। गुजरात में आई भीषण बाढ़ के बीच भारतीय तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर ने गुरुवार को मछली पकड़ने वाली नाव 'दोस्ताना' पर सवार 04 क्रू सदस्यों को निकाला, जो द्वारका के दक्षिण-पश्चिम में फंसी हुई थी। बचाव अभियान में 15 अन्य नागरिकों को छतों से निकाला गया। पिछले 48 घंटों में आईसीजी के एडवांस लाइट हेलीकॉप्टरों ने बाढ़ वाले क्षेत्रों से 65 फंसे हुए कर्मियों को निकाला है। पिछले दो दिनों में अकेले पोरबंदर और देवभूमि द्वारका जिलों में भारतीय तटरक्षक विमानों ने 10 बच्चों सहित कुल 39 लोगों को बचाया है, जहां लोग छतों और अन्य अस्थायी ढांचों पर फंसे हुए थे। भारतीय तटरक्षक बल ने इन परिवारों को राज्य प्रशासन को सौंपने से पहले प्राथमिक उपचार दिया। तटरक्षक बल के हवाई बचाव अभियान ने पोरबंदर जिले के कंटोल में बढ़ते पानी के बीच एक छत पर फंसे 10 लोगों की जान बचाई। मछली पकड़ने वाली नाव पद्मावती के मालिक ने आईसीजी जिला मुख्यालय, ओखा को जानकारी दी कि द्वारका तट के पास खराब मौसम की वजह से मशीनरी खराब होने के कारण उसकी नाव 15 किलोमीटर अंदर समुद्र में बह गई है। 13 लोगों की जान जोखिम में होने के कारण आईसीजी ने बचाव के लिए तुरंत जहाज अभीक और एडवांस लाइट हेलीकॉप्टरों को तैनात किया, जिसके बाद नाव और चालक दल को सुरक्षित रूप से ओखा वापस लाया गया।

## रूस ने 92 अमेरिकियों पर लगाया प्रतिबंध

**मॉस्को।** रूस ने 92 अमेरिकी नागरिकों को अपने देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें वॉल स्ट्रीट जर्नल, न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकारों सहित कई वकील और नामी व्यवसायी भी शामिल हैं। मंत्रालय द्वारा टेलीग्राम पर प्रकाशित सूची में वॉल स्ट्रीट जर्नल के 14 कर्मचारी, न्यूयॉर्क टाइम्स के पांच पत्रकार और वाशिंगटन पोस्ट के चार पत्रकार शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि रूस अग्रणी उदारवादी-वैश्विक प्रकाशनों के संपादकीय कर्मचारियों और पत्रकारों को निशाना बना रहा है, जो रूसी सशस्त्र बलों के बारे में लिखते हैं और लोगों को उनका सच बताते हैं। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कई चरणों में आर्थिक और सामाजिक प्रतिबंध रूस पर लगाकर दुनिया से अलग-थलग करने की कोशिश की है।

# दूसरी परमाणु पनडुब्बी अरिघाट नौसेना के बेड़े में हुआ शामिल

## हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा भारत

**एजेंसी**

▸▸ **परमाणु ट्रायडंट को और मजबूत करेगी आइएनएस अरिघाट : राजनाथ सिंह**

▸▸ **पानी की सतह पर 22-28 किमी/ घंटा की अधिकतम गति से चल सकती है बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी**



**नयी दिल्ली।** परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट गुरुवार को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो गई। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी के मिलने से नौसेना की समुद्री सामरिक क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही भारत को पानी के युद्ध में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े अधिकारी भी मौजूद थे। श्री सिंह ने विश्वास जताया कि अरिघात देश की परमाणु तिकड़ी यानी परमाणु ट्रायडंट को और मजबूत करेगी, परमाणु प्रतिरोध को बढ़ाएगी, क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन और शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने इसे राष्ट्र के लिए उपलब्धि और सरकार के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के अटूट संकल्प का प्रमाण बताया। रक्षा मंत्री ने इस क्षमता को हासिल करने में कड़ी मेहनत और तालमेल के लिए भारतीय नौसेना, डीआरडीओ और उद्योग की सराहना की। उन्होंने इस आत्मनिर्भरता को आत्मशक्ति की नींव बताया।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से देश के औद्योगिक क्षेत्र, विशेषकर एमएसएमई को भारी बढ़ावा मिला है और रोजगार के अधिक अवसर पैदा हुए हैं। पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट को विशाखापट्टनम के जहाज निर्माण केंद्र पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है। नौसेना को 6,000 टन की परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट मिलने के बाद भारत अब रणनीतिक प्रतिरोध के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की ओर से बढ़ रही चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। आईएनएस अरिहंत के मुकाबले आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दोगुनी होगी, जिससे भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी। अरिहंत श्रेणी की दूसरी मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट के ब्लेड प्रोपेलर जल रिएक्टर से संचालित होंगे। यह पनडुब्बी पानी की सतह पर 12-15 समुद्री मील (22-28 किमी/घंटा) की अधिकतम गति से चल सकती है और समुद्र की गहराई में 24 समुद्री मील (44 किमी/घंटा) की गति प्राप्त कर सकती है। इस पनडुब्बी के कूबड़ पर आठ लांच ट्यूब होंगे। यह 750 किमी. रेंज वाली 24के-15 सागरिका मिसाइलों या 3,500 किमी. की रेंज वाली 8के-4 मिसाइल तक ले जा सकती है। अरिहंत श्रेणी की परमाणु-शक्ति वाली इन पनडुब्बियों को 2.9 बिलियन डॉलर के उन्नत टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) प्रोजेक्ट के तहत डिजाइन और निर्मित किया जा रहा है।

# ऊर्जा में 75000 करोड़ निवेश करेगा आरआइएल : अंबानी

▸▸ **किसान अन्नदाता से ऊर्जादाता बनेंगे और 30,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी**

▸▸ **बंजर भूमि में अगले 10 वर्षों में करीब 150 अरब यूनिट बिजली पैदा होगी**



**मुंबई।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने गुरुवार कहा कि कंपनी नए ऊर्जा कारोबार में 75 हजार करोड़ रुपये तक निवेश करने के लिए तैयार है। अंबानी ने गुरुवार को कंपनी की 47वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि रिलायंस के नए ऊर्जा कारोबार चालू होने के पांच से सात वर्षों में ही उतनी कमाई करने लगेगा, जितनी हमारा ऑयल टू कैमिकल कारोबार करता है। कंपनी न्यू एनर्जी बिजनेस में 75,000 करोड़ तक के निवेश के लिए तैयार हैं।

आरआईएल अध्यक्ष ने नए ऊर्जा कारोबार के बारे में बताया और कहा कि जैव-ऊर्जा कारोबार तेजी से विस्तार कर रहा है और वर्ष 2025 तक 55 ऑपरेटिंग कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र तक पहुंच जाएगा। इससे किसान अन्नदाता से ऊर्जादाता बन जाएंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में 30,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। अंबानी ने बताया कि कंपनी ने कच्छ में बंजर भूमि को पट्टे पर लिया है। इस बंजर भूमि में अगले 10 वर्षों में लगभग 150 अरब यूनिट बिजली पैदा होगी, जो भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लगभग 10 प्रतिशत के बराबर होगी। आरआईएल अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस साल के अंत तक, हम अपने स्वयं के सौर फोटो-वोल्टाइक (पीवी) मॉड्यूल का उत्पादन शुरू कर देंगे। अगली तिमाहियों में, हम अपनी एकीकृत सौर उत्पादन सुविधाओं का पहला चरण पूरा कर लेंगे। इसमें मॉड्यूल, सेल, ग्लास, वेफर, इंगोट और पॉलीसिलिकॉन शामिल हैं, जिनकी शुरूआती वार्षिक क्षमता 10 गीगावाट है। हमने जामनगर में 30 गीगावॉट वार्षिक क्षमता वाली एक एकीकृत उन्नत रसायन-आधारित बैटरी विनिर्माण सुविधा का निर्माण शुरू कर दिया है। अगले साल की दूसरी छमाही तक उत्पादन शुरू हो जाएगा।

# पुरुषोत्तम अग्रवाल समेत सात विद्वानों को मिला भाषा-सम्मान




**नयी दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने वर्ष 2021 एवं 2023 के लिए सात विद्वानों को गुरुवार को भाषा-सम्मान से पुरस्कृत किया। उत्तरी क्षेत्र के कालजयी एवं मध्यकालीन साहित्य के लिए पुरुषोत्तम अग्रवाल और दक्षिणी क्षेत्र के लिए बेतवोलु रामब्रह्मम को पुरस्कृत किया गया। साहित्य अकादमी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुरस्कृत रचनाकारों में कालजयी एवं मध्यकालीन साहित्य-2021- उत्तरी क्षेत्र के लिए पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं दक्षिणी क्षेत्र के लिए बेतवोलु रामब्रह्मम, कालजयी एवं मध्यकालीन साहित्य-2023- उत्तर क्षेत्र के लिए अवतार सिंह को और दक्षिण क्षेत्र के लिए केजी पौलोस को प्रदान किए गए। दुर्गा चरण शुक्ल को बुंदेली भाषा तथा साहित्य की समृद्धि में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए भाषा सम्मान वर्ष-2023 के लिए और रेंथ्लेइ ललरोना एवं रौजामा चौडथू को मिजो भाषा तथा साहित्य की समृद्धि के लिए दिए गए। दुर्गा चरण शुक्ल अस्वस्थता के कारण पुरस्कार ग्रहण करने नहीं आ सके। अलंकृत विद्वानों को पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये की राशि, उत्कीर्ण ताम्रफलक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। भाषा-सम्मान अर्पण समारोह की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने की। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमारी ऋषि परंपरा का सम्मान है, जो एक तरह से भारतीय ज्ञान परंपरा का भी सम्मान है।

# सपा की टोपी लाल कारनामे काले: योगी

**अयोध्या में बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करता है सपा नेता**



कानपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं। कानपुर के लिये साढ़े सात सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी के निशाने पर कांग्रेस और सपा रहीं। उन्होंने कहा कि सपा के कारनामों से हर कोई परिचित है। इतिहास के पन्नों को उलटेंगे तो काले कारनामों से इनका इतिहास भरा है वहीं यहां से चंद कदम की दूरी पर लाल ईमली जो कभी कानपुर की पहचान हुआ करती थी, वह कांग्रेस के भ्रष्टाचार की प्रतीक बनी खड़ी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में सपा नेता निषाद बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करता है, लेकिन सपा मुखिया बेशर्म के खिलाफ कार्रवाई की बजाय बेशर्मी से उसका समर्थन कर रहे थे। लखनऊ में एक बेटी पिता के साथ बाइक से जा रही थी, लेकिन बरसात में पानी भरने पर सपा के गुंडे बेटी को गिराते हैं, तब इनके एक नेता ने सदन में कहा था कि सद्भावना ट्रेन चलनी चाहिए, तब मैंने कहा कि माफिया-गुंडों के लिए सद्भावना नहीं, बुलेट ट्रेन चलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा का तीसरा मॉडल कन्नौज में दिखा। नवाब ब्रांड ही इनकी असली पहचान है। यह अनैतिक तरीके से अर्जित की गई संपत्ति के माध्यम से बेटियों के इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!


# शेयर बाजार में आठवें दिन भी तेजी

## सेंसेक्स 349 अंक छलांग लगाकर 82 हजार के पार

**एजेंसी**

**निफ्टी 100 अंक उछलकर 25,151 के उच्चतम स्तर पर**



**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स लगातार आठवें दिन चढ़ते हुए गुरुवार को पहली बार 82 हजारी हो गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 349.05 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,134.61 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 99.60 अंक उछलकर 25,151.95 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत गिरकर 48,807.81 अंक और स्मॉलकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 55,602.45 अंक रह गया। बीएसई के 10 समूहों में लिवाली हुई। इससे ऊर्जा 0.88, एफएमसीजी 0.58, वित्तीय सेवाएं 0.13, आईटी 0.18, दूरसंचार 0.44, ऑटो 0.32, बैंकिंग 0.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.10, तेल एवं गैस 0.91 और टेक समूह के शेयर 0.29 प्रतिशत चढ़ गए। सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने लाभ कमाया उनमें टाटा मोटर्स 4.19, बजाज फिन सर्व 2.41, बजाज फाइनेंस 2.41, एचसीएल टेक 1.72, आईटीसी 1.57, रिलायंस 1.51, टेक महिंद्रा 1.39, मारुति 0.83, एसबीआई 0.64, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.63, भारती एयरटेल 0.63, नेस्ले इंडिया 0.46, एक्सिस बैंक 0.39, अडानी पोर्ट्स 0.38, इंडसइंड बैंक 0.27, एनटीपीसी 0.23, टाइटन 0.19, एचडीएफसी बैंक 0.13 और टीसीएस 0.08 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.11, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.01, सन फार्मा 0.85, कोटक बैंक 0.74, टाटा स्टील 0.46, पावरग्रिड 0.36, इंफोसिस 0.35, आईसीआईसीआई बैंक 0.18, एलटी 0.17, अल्ट्रासिमको 0.14 और एशियन पेंट के शेयर 0.06 प्रतिशत नुकसान में रहे।


महर्षि हरिराम शरण शास्त्री शैक्षणिक एवं सामाजिक न्यास
MAHARSHI HARIRAM SHARAN SHASTRI EDUCATIONAL & SOCIAL TRUST
12A, 80G, CSR, NITI AYOG, E-ANUDAN
We Run Educational Institute
SCIENCE 1999
Media& IT Courses
CIITM
A Leading IT & Media Institute
Chhotanagpur Institute of Information Technology & Management
AICTE APPROVED
: mhsstrust@gmail.com ; directorciitm9141@gmail.com : www.ciitm.in ; www.mhsstrust.org
हरि मंदिर रोड, हीरापुर, धनबाद। : 9431914887, 9905186177